

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -79 जबलपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 कीमत-1 रुपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# पश्चिम बंगाल में बीजेपी उम्मीदवार पर हमला, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुवेंदु सरकार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



पश्चिम बंगाल (आरएनएस)।। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच हिंसा की एक और घटना सामने आई है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज इलाके में गुरुवार को मतदान के दौरान भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

**क्या है मामला**

बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई, जब सुवेंदु सरकार कुमारगंज विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ पर पहुंचे थे। वहां पहले उनकी तृणमूल कांग्रेस समर्थकों से कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते झड़प में बदल गई। आरोप है कि थोड़ी ही देर में समर्थकों की भीड़ उग्र हो गई और उन्होंने उम्मीदवार पर हमला कर दिया। उनके साथ मौजूद बॉडीगार्ड ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ के आगे हालात बेकाबू हो गए और उन्हें दौड़ाकर पीटा गया।

सुवेंदु सरकार ने लगाया आरोप

घटना के बाद सुवेंदु सरकार ने आरोप लगाया कि पूरे इलाके में डर का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि कई बूथों से भाजपा के पोलिंग एजेंटों को बाहर निकाल दिया गया था। जब वह खुद वहां पहुंचे और एजेंटों को वापस अंदर ले जाने की कोशिश की, तभी उन पर हमला हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि जिस समय वह बूथ पर पहुंचे, उनके साथ केवल उनका बॉडीगार्ड था और इस स्थिति का फायदा उठाकर विरोधियों ने हमला किया।

**16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान**

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान चल रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

## तमिलनाडु और बंगाल में रिकॉर्ड मतदान, तमिलनाडु में 82 तो बंगाल में 90 परसेंट पड़े वोट




नई दिल्ली-(आरएनएस)। । रिपोर्ट्स के अनुसार तमिलनाडु और बंगाल में रिकॉर्ड मतदान। तमिलनाडु में 82 तो बंगाल में 90 परसेंट। बंगाल के 152 विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 89.93त्न मतदान हुआ है। इन सीटों पर 2021 में करीब 81.16 प्रतिशत वोट पड़े थे।

पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 44,376 बूथों पर मतदान हो रहा है, जिनमें लगभग 3,000 सहायक बूथ शामिल हैं। 5,444 बूथों का संचालन महिलाएं कर रही हैं, जबकि 207 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। यहां मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। दूसरे चरण का मतदान अगले सप्ताह होना है।

**दिग्गज नेताओं ने डाला वोट-** आसनसोल दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल ने वोट डालने के बाद कहा कि जनता बदलाव चाहती है और भाजपा को समर्थन दे रही है। वहीं नंदीग्राम से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने भी मतदान किया। भवानीपुर सीट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके खिलाफ मैदान में हैं, जिससे मुकाबला बेहद रोचक हो गया है।

**तमिलनाडु में 234 सीटों पर एक चरण में मतदान**

तमिलनाडु में 5.67 करोड़ मतदाता आज नई सरकार चुनने के लिए मतदान कर रहे हैं। यहां सत्ताधारी ष्ठरूद्म और विपक्षी गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला है, वहीं नई पार्टी ञ्जङ्कय् भी चुनावी मैदान में है।

## मुर्शिदाबाद में पहले चरण के दौरान देसी बमों से हमला, कई लोग घायल

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान आज बृहस्पतिवार को मुर्शिदाबाद जिले के नौदा इलाके में हिंसा की बड़ी घटना सामने आई। मतदान के बीच अज्ञात उपद्रवियों ने देसी बमों से हमला किया, जिसमें कई स्थानीय लोग और मतदाता घायल हो गए।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान आज बृहस्पतिवार को मुर्शिदाबाद जिले के नौदा इलाके में हिंसा की बड़ी घटना सामने आई। मतदान के बीच अज्ञात उपद्रवियों ने देसी बमों से हमला किया, जिसमें कई स्थानीय लोग और मतदाता घायल हो गए। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है और मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के बीच दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

**नौदा में बमबारी से मची अफरा-तफरी**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला उस समय हुआ जब लोग मतदान करने के लिए कतारों में लगे थे। अचानक हुए बम धमाकों से पूरा इलाका दहल गया और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

पीड़ित का बयानः हमले में घायल हुए एक व्यक्ति ने न्यूज एजेंसी अपनी आपबीती बताते हुए कहा, वे हमें गालियाँ दे रहे थे और अचानक हम



पर हमला कर दिया। हम तो बस अपना वोट डालने आए थे, हम किसी को परेशान नहीं करते।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

यह घटना तब हुई है जब निर्वाचन आयोग ने मुर्शिदाबाद को पहले ही %अति संवेदनशील% घोषित किया था और यहाँ केंद्रीय सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां तैनात की गई थीं। जिले में हिंसा रोकने के लिए आयोग ने सर्विलांस और वेबकास्टिंग का भी सहारा लिया है, फिर भी उपद्रवी बमबारी करने में सफल रहे।

**राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप**

हमले के तुरंत बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई हैः भाजपा और विपक्षः विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि यह मतदाताओं को डराने की कोशिश है ताकि वे मतदान केंद्रों तक न पहुँच सकें।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नरयावली में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण एवं अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह में कन्या पूजन किया।

# नहर में रील बनाते समय में गिरी 4 लड़कियों में दो के शव मिले, तीसरी तैरकर बाहर आई, चौथी अभी भी लापता






**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर में बरेला के ग्राम सालीवाड़ा स्थित बरगी बांध की नहर के किनारे आज पूर्वान्ह 11 बजे के लगभग रील बना रहीं चार लड़कियां पैर फिसलने से तेज बहाव में बह गईं. इनमें से एक लड़की तो तैरकर बाहर निकल आईं. जबकि तीन डूब गईं, दो लड़कियों के शव घटनास्थल से करीब 1 किमी दूर मिले हैं. एक अब भी लापता है.

पुलिस अधिकारियों की माने तो एक की परिवार की चारों लड़कियां सालीवाड़ा बरगी में रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई थी. आज पूर्वान्ह सभी चार लड़कियां बरगी नहर में नहाने के लिए चली गई. इस दौरान चारों लड़कियां किनारे मोबाइल फोन निकालकर रील बना रही थी. तभी उनका पैर फिसल गया और वे नहर में गिर गई. जिसमें एक को तैरना आता था तो वह किसी तरह बाहर निकल गई और अपनी सहेलियों को बचाने की कोशिश करती रही, लेकिन तेज बहाव के चलते तीन लड़कियां आंखो से ओझल हो गई. लड़कियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए, उन्होने भी बच्चियों को बचाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे.

खबर मिलते ही जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी, होमगार्ड का गोताखोर दल पहुंच गया. रेस्क्यू टीम ने तलाश शुरु की, करीब तीन घंटे बाद घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर शीतल पटेल उम्र 16 वर्ष व सानिया पटेल 14 वर्ष के शव बरामद हुए. वहीं तनु पटेल 14 साल की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई है. घटना की खबर मिलते ही पटेल परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होने दोनों बच्चियों को मृत हालत में देखा तो फूट-फूट कर रोए, घटना के बाद से गांव में मातम छाया हुआ है. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है.

## कब्र से निकाली गई ऑटो चालक की लाश, हत्या की आशंका



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां लापता ऑटो चालक की लाश कब्र से निकालनी पड़ी। घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए साजिश की आशंका जताई है। 18 अप्रैल से लापता था चालकझीलें और नदियां अधारताल निवासी दीपक सिंह, जो पेशे से ऑटो चालक था, 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जब तलाश शुरू की तो उसका ऑटो घमापुर-भानतलैया क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास लावारिस हालत में खड़ा मिला।

मामला उस समय और संदिग्ध हो गया जब सीसीटीवी फुटेज में ऑटो खड़ा करने वाला व्यक्ति कोई और ही नजर आया। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई।

**अस्पताल में मिली लाश, पहचान में देरी**

तलाश के दौरान पुलिस ने विक्टोरिया अस्पताल में मिले एक अज्ञात शव की तस्वीरें परिजनों को दिखाईं। तस्वीरों के आधार पर मृतक की पहचान दीपक सिंह के रूप में की गई।

पुलिस के मुताबिक, 19 अप्रैल की सुबह स्नेह नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला था, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**बिना पहचान के दफनाया गया था शव**

पहचान न होने के कारण मदन महल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को चौहानी श्मशान घाट में लावारिस मानकर दफना दिया था। पहचान होने के बाद बुधवार को प्रशासन की मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकाला गया और परिजनों को सौंपा गया।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

मृतक के भाई दिलीप सिंह ने आरोप लगाया है कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी साजिश हो सकती है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शव की स्थिति खराब (डिकंपोज) होने और पहचान न होने के कारण नियमानुसार उसे दफनाया गया था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## उज्जैन में सात साल के बच्चे को बनाया बाल आरक्षक, नीमच में बीमारी से हुआ था उसके पुलिसकर्मी पिता का निधन



उज्जैन ।(आरएनएस)। आरक्षक की मृत्यु के बाद परिवार पर आए संकट के बीच पुलिस विभाग ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके 7 वर्षीय पुत्र को बाल आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की। पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर एसपी प्रदीप शर्मा ने बालक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नीमच में पदस्थ आरक्षक मयंक गिरवाल का 12 जून 2025 को गंभीर बीमारी के चलते 32 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परिवार पर आजीविका का संकट भी गहरा गया। गिरवाल अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित पुलिसकर्मी के रूप में जाने जाते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनकी पत्नी अर्चना गिरवाल ने अपने 7 वर्षीय पुत्र वंश गिरवाल को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए पुलिस अधीक्षक, नीमच को आवेदन दिया था। हालांकि नीमच जिले में पद रिक्त नहीं होने के कारण यह मामला लंबित बना रहा। मामले की गंभीरता को समझते हुए एडीजी राकेश गुप्ता ने प्रकरण पुलिस अधीक्षक उज्जैन को भेजा, ताकि नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

## हाईटेंशन लाइन के पोल से टकराकर झुकी बस,यात्रियों में मची चीख-पुकार



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र अंतर्गत देर रात एक यात्री बस अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। सागर से जबलपुर की ओर आ रही यह बस नगमा तिराहे के समीप सड़क किनारे लगे 11 केवी हाईटेंशन लाइन के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को रास्ता देने के प्रयास में बस चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरी और सीधे बिजली के खंभे से जा भिड़ी।

हादसे के बाद बस एक तरफ झुक गई जिससे यात्रियों को बाहर निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही माढ़ोताल पुलिस और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि टक्कर के बावजूद न तो बिजली का पोल गिरा और न ही हाईटेंशन लाइन टूटी, अन्यथा करंट फैलने से स्थिति भयावह हो सकती थी। रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं,जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। वर्तमान में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

### कोर्ट की कार्यवाही का वीडियो पोस्ट करना पड़ा भारी, अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भेजा सख्त नोटिस

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर अदालती कार्यवाही का वीडियो प्रसारित करने के संबंध में अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। अदालत ने फेसबुक, गूगल और एक्स सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और सर्च इंजनों को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में हुई सुनवाई से संबंधित सभी वीडियो हटाने का निर्देश दिया है। यह मामला आबकारी नीति से संबंधित है,





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना खमरिया में रात सुरेश कुमार चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी पोड़ीकला थाना गोहलपुर वर्तमान पता बरगीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह राजमिस्त्री का काम करता है शाम लगभग 4-30 अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनजी 4410 से अपने बेटे सावन चौधरी एवं भतीजा अनुराग चौधरी को लेकर प्रियदर्शनी कालोनी डुमना साईड देखने के लिये आया था जहां से वापस जा रहे थे प्रियदर्शनी कॉलोनी मोड़ से मुड़ते हुये डुमना तरफसे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन जे 8795 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया

# जबलपुर में 2027 जनगणना की तैयारियां तेज प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुचारू और सटीक बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम के 16 संभागों के अंतर्गत आने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 23 अप्रैल 2026 से आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.), मढ़ोताल में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक निरंतर चलेगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आई.टी.आई. परिसर में प्रशिक्षण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराना है ताकि भविष्य में डेटा संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण के पहले दिन कुल 860 आवंटित कर्मचारियों में से अधिकांश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 76 कर्मचारियों के प्रति प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनगणना में कर्मचारियों का हो 50 लाख रुपए का सामूहिक बीमा

**म.प्र.राज्य कर्मचारी.संघ ने जनगणना कार्य के दौरान मृत पटवारी के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति और घायलों को आर्थिक मदद दे सरकार**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बरेला ,म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ, तहसील अध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय ने जनगणना-2026 के कार्य के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हुए पटवारियों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संघ ने दिवंगत पटवारी के परिवार को क्षतिपूर्ति, अनुकंपा नियुक्ति और घायल कर्मचारी को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की पुरजोर मांग की है। विगत दिवस सागर जिले में जनगणना-2026 के शासकीय कार्य हेतु जाते समय पटवारी श्रीजयकुमार वैद्य एवं श्री अतुल कुमार रैकवार की मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना में ड्यूटी पर तैनात श्रीजयकुमार वैद्य का असामयिक निधन हो गया, जिससे पूरे राजस्व विभाग और कर्मचारी जगत में शोक की लहर है। दुर्घटना में दूसरे साथी श्री अतुल रैकवार गंभीर रूप से घायल हैं और वर्तमान में उपचाराधीन है, इसी प्रकार जनगणना प्रशिक्षण से लौट रहे,मिडिल स्कूल कन्या आश्रम तेंदुमुडी में पदस्थ शिक्षक हेमसागर कमलवंशी का रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र में कार से टक्कर लगने पर मृत्यु हो गई है संघ के कार्यकारिणी सदस्य दालचंद पासी ने बताया कि जबलपुर जिले के भी हजारों कर्मचारी जनगणना कार्य की ड्यूटी में लगे हुए हैं जिनकी जानमाल की सुरक्षा हेतु

समूह बीमा की मांग करते हुए बताया कि जनगणना-2026 जैसे महत्वपूर्ण और भीषण गर्मी के प्रकोप में जोखिम भरे कार्य को देखते हुए, जिले के समस्त संलग्न जनगणना कर्मचारियों का 50 लाख रुपये का सामूहिक बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाए।

**सभी अधिकारियों को फील्ड पर रहकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने दिए निर्देश**

## जल गंगा संवर्धन, पेयजल आपूर्ति, सीवेज परियोजना और उद्यान विभाग के कार्यों की निगमायुक्त ने की समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज शहर के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान आयुक्त का रुख स्पष्ट और परिणामोन्मुखी रहा। उन्होंने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि %जल गंगा संवर्धन अभियान% सहित जल आपूर्ति और सीवेज जैसे बुनियादी कार्यों के परिणाम आगामी 15 दिनों के भीतर जमीन पर दिखने चाहिए। आयुक्त श्री अहिरवार ने शहर की जीवनरेखा जल स्त्रोतों से जुड़ी योजनाओं और कार्यों को लेकर अधिकारियों को कड़े और सकारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को फील्ड पर रहकर सीधे कार्यों की निगरानी करने को कहा गया है।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं**

बैठक के दौरान उन्होंने जोर दिया कि कार्य न केवल समय पर पूरे हों, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी उच्च स्तर की हो।

**जल एवं स्वच्छता पर फोकस**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों के पुनरुद्धार और सीवेज परियोजनाओं को गति देने के निर्देश दिए गए, ताकि शहरवासियों को जलभराव और गंदगी से निजात मिल सके।

*हरियाली और सौंदर्य निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उद्यानों के रखरखाव और शहर के सौंदर्यीकरण की योजनाओं की भी समीक्षा की गई, जिससे जनता को बेहतर सार्वजनिक स्थान मिल सकें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आम नागरिकों के लाभ के लिए धरातल पर उतारना है।



## जबलपुर सांसद आशीष दुबे की कार्यकर्ताओं से भेंट

जबलपुर/ जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे ने आज भाजापा के योगेन्द्र दुबे के साथ कार्यताओं से सौजन्य भेंट की सांसद जी ने चर्चा में बताया मालवीय चौक पार्टी का गढ़ है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के संबंध में संजय कपूर,अजयकपूर,राहुल कपूर ने चर्चा की, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता, प्रदेश के लाखों शिक्षकों को चतुर्थ वेतन मान देने पर प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया, चर्चा में संजय यादव,रोहित कुरील, शेखर मिश्रा शामिल थे।

## एम पी ट्रांसको के नवनियुक्त उपकेंद्र परिचारकों के लिए आयोजित हुआ इंटरएक्टिव सत्र

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नव नियुक्त उपकेंद्र परिचारक (सबस्टेशन अटेंडेंट) प्रशिक्षुओं के लिए एक इंटरएक्टिव सत्र नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनपीटीआई) शिवपुरी में आयोजित किया गया।

ग्वालियर के कार्यपालन अभियंता पवन अहिरवार ने सत्र में अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्यप्रणाली और



तकनीकी समझ, ट्रांसमिशन सिस्टम की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

एनपीटीआई के प्रशिक्षण समन्वयक आर. कृष्णन के संयोजन से आयोजित इस

सत्र के दौरान सुरक्षा उपायों, सामान्य जागरूकता के माध्यम से दुर्घटनाओं की रोकथाम, करंट ट्रांसफार्मर के डिजाइन, उसके प्रकार, विभिन्न परीक्षणों तथा वायरिंग डायग्राम जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षुओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने एवं तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

**जिज्ञासाओं का हुआ समाधान-**

सत्र के अंत में प्रशिक्षुओं ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। यह कार्यक्रम प्रशिक्षुओं के समग्र कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## नारी शक्ति वंदन परखवाड़ा मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी मुख्यालय में महिला कार्मिकों हेतु विशेष कार्यक्रम 24 अप्रैल को

**स्वास्थ्य जागरूकता, संवाद एवं कंपनी की महिला कार्मिकों के लिए निःशुल्क कॉर्टिसोल परीक्षण**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत कंपनी मुख्यालय में कार्यरत सभी महिला कार्मिकों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल को किया गया है। रामपुर स्थित शक्ति भवन के मण्डल कक्ष में प्रात: 11ः00 बजे से दोपहर 1ः30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका एवं योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिला अतिथि अपनी सहभागिता देंगी एवं महिला कार्मिकों के साथ संवाद स्थापित करेंगी। स्त्री स्वास्थ्य विषय पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन हेतु प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीना श्रीवास्तव द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर व्याख्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन एजुकेशन जबलपुर की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रीना जैन अपने अनुभव साझा करेंगी और महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश की संयुक्त संचालक मनीषा लुम्बा भी महिला कार्मिकों के साथ तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला कार्मिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनका निःशुल्क कॉर्टिसोल परीक्षण किया जाएगा।

## रक्षा (सैन्य एवं सिविलियन) पेंशनर्स ने किया स्पर्श सेवा केंद्र का सम्मान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वित्तीय वर्ष 2025- 26 के दौरान जबलपुर स्थित पेंशनर्स (रक्षा सैन्य एवं सिविलियन) को जीवन प्रमाण पत्र भरने ,पेंशनर्स की मृत्यु उपरांत जीवनसाथी को पारिवारिक पेंशन प्रदान करने, पेंशन संबंधी विसगतियां को दूर करने तथा असहाय लोगों को यथास्थान उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने हेतु ,रक्षा पेंशनर्स द्वारा आज दिनांक 23 अप्रैल को प्रात: 11ः00 बजे रिज रोड स्थित सीडीए कार्यालय में स्पर्श सर्विस सेंटर के समस्त अधिकारी एवं स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा लेखा नियंत्रक श्री संदीप ठाकुर ने कहा कि हम सरकारी आदेशों के अनुरूप पेंशनर्स को और उनके जीवन साथी को स्पर्श के माध्यम से सुविधाजनक एवं पात्रता के अनुरूप समय पर पेंशन और उससे जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

पेंशनर्स की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में 32 लाख रक्षा पेंशनर्स का पेंशन संबंधी कार्य देश में स्थित विभिन्न स्पर्श सेवा सेंटर के माध्यम से व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है जबलपुर में रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय स्थित स्पर्श सेवा केंद्र में आत्मीय स्पर्श से परिपूर्ण सेवाओं का विवरण देते हुए समस्त स्टाफ की प्रशंसा एवं सराहना की

इस अवसर पर रक्षा लेखा कार्यालय की सहायक लेखा नियंत्रक, नीता नितिन बापट, वरिष्ठ लेखाधिकारी के एस नादरा , सहायक लेखा अधिकारी सुधीर कुमार ,प्रदीप कुमार वर्मा एवं सीनियर ऑडिटर कृष्ण कुमार, शाहला प्रवीण, टिंकू कुमार, सत्यम कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक दिवाकर तथा,कमल कुमार रजक का सम्मान किया गया ।

पेंशनर की ओर से विजन जबलपुर द्वारा रक्षा लेखक नियंत्रक महोदय को सम्मान पत्र भेंट किया गया इस अवसर पर विजन जबलपुर के रक्षा (मिलिट्री तथा सिविलियन पेंशनर) श्री यशवंत राव,सी एस राजपूत, एस के बैनर्जी, एम एन सिंह, प्रदीप गर्ग, टेकचंद अधिकारी , प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,नारायण रैकवार , राजेंद्र सिंह ठाकुर, रूप कुमार उपस्थित थे।

## पश्चिम मध्य रेल में ट्रैक नवीनीकरण को मिली रफ्तार, रेल संरक्षा और हुई मजबूत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ट्रैक पर विभिन्न रिन्यूअल कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में सभी नवीनीकरण कार्यों को प्राथमिकता एवं गति के साथ निष्पादित किया जा रहा है। ट्रैक नवीनीकरण के इन कार्यों में सी.टी.आर. (कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल), टी.आर.आर. (थ्रू रेल रिन्यूअल), टी.एस.आर. (थ्रू स्लीपर रिन्यूअल), टी.टी.आर. (थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल) एवं डीप स्क्रीनिंग जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैक नवीनीकरण से संबद्ध समस्त कार्य संरक्षा से जुड़े हुए हैं एवं ट्रैफिक ब्लॉक लेकर ही इनका निष्पादन किया जाता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इन कार्यों को उच्च दक्षता एवं संरक्षा मानकों के साथ पूरा किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) के दौरान अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत 494.50 ट्रैक किलोमीटर रेल नवीनीकरण (टी.आर.आर.), 387.24 ट्रैक किलोमीटर स्लीपर नवीनीकरण (टी.एस.आर.), 615.50 इकाइयाँ टर्नआउट नवीनीकरण (टी.टी.आर.), 514 इकाइयाँ टर्नआउट डीप स्क्रीनिंग तथा 790.12 ट्रैक किलोमीटर में प्लेन ट्रैक डीप स्क्रीनिंग कार्य निष्पादित किया गया है। इन सभी नवीनीकरण कार्यों से ट्रैक की मजबूती एवं यात्री गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित हुआ है। पश्चिम मध्य रेल अपने निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में निरंतर अग्रसर है तथा संरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## जबलपुर जिला अस्पताल में टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित लोगों के लिए साप्ताहिक क्लिनिक प्रारंभ किया गया है

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला अस्पताल प्रशासन ने टाइप 1 डायबिटीज़ (ज्ञ1ष्ठ) से प्रभावित लोगों के लिए विशेष देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय में प्रति शुक्रवार को टाइप 1 डायबिटीज (ज्ञ1ष्ठ) फॉलोअप क्लिनिक चलाया जा रहा है। यह क्लिनिक हर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अस्पताल के ओपीडी नंबर 9 में संचालित होता है, जहाँ (ज्ञ1ष्ठ) से प्रभावित लोगों को अनुभवी डॉक्टरों द्वारा इलाज, विशेषज्ञ परामर्श, मधुमेह शिक्षा और इंसुलिन की मासिक आपूर्ति निःशुल्क प्रदान की जाती है।

यह क्लिनिक प्रभावित लोगों के जीवन रक्षक और देखभाल की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है और ज्ञ1ष्ठ से प्रभावित लोगों और उनके देखभाल करने वालों के समक्ष आने वाला वित्तीय भार के तनाव को कम करता है।

टाइप 1 मधुमेह एक स्वप्रतिरक्षी स्थिति है जिसमें इंसुलिन की कमी हो जाती है। निरंतर इंसुलिन थेरेपी के बिना, व्यक्ति मधुमेह कीटोएसिडोसिस, गंभीर हाइपोग्लाइकेमिया और दीर्घकालिक अंग क्षति जैसी जीवन को खतरे में डालने वाले हालात वाली जटिलताओं का जोखिम उठाते हैं। ज्ञ1ष्ठ की आजीवन प्रकृति के लिए बार-बार अनुवर्ती दौरे, प्रयोगशाला परीक्षण और इंसुलिन और आपूर्ति के लिए दैनिक जेब से खर्च की आवश्यकता होती है - ऐसे बोझ जो परिवारों को वित्तीय कठिनाई में डाल सकते हैं।

देखभाल और आर्थिक अंतर को कम करने की दिशा में जिला अस्पताल में 9 नंबर हृक्ष्ठ के भीतर स्थित, साप्ताहिक टी1डी क्लिनिक बहु-विषयक सहायता को केंद्रीकृत करता है ताकि टी1डी वाले लोगों और उनके देखभाल करने वालों को अब कई विभागों में जाने या अत्यधिक लागत वहन करने की आवश्यकता न हो।

साप्ताहिक क्लिनिक , निःशुल्क सेवाएँ

प्रत्येक मासिक फॉलोअप पर, नामांकित पीएलटी1डी को प्राप्त होता है़

नैदानिक मूल्यांकऩ वृद्धि और विकास की निगरानी, शारीरिक परीक्षण और नियमित जाँच।

इंसुलिन प्रबंधऩ स्व-निगरानी वाले रक्त शर्करा रिकॉर्ड के आधार पर खुराक समायोजन के साथ बेसल-बोलस रेजिमेंट की शुरुआत

जटिलताओं की जांच और रेफरल़ सह-रुग्णताओं और जटिलताओं की प्रारंभिक पहचान, उन्नत निदान या आपातकालीन देखभाल के लिए मेडिकल कॉलेजों के लिए सीधे रेफर के साथ।

मधुमेह की आपूर्ति़ इंसुलिन का एक पूरा महीना का प्रावधान और इंसुलिन लेने हेतु सीरिंज।

**सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रकिया के दौरान प्रवेशार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जबलपुर संभाग स्तरीय कॅरियर मार्गदर्शन समिति का गठन**

## विद्यार्थियों को कॅरियर के साथ मिलेगी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विषय चयन की जानकारी-डॉ. पंजाब राव चंदेलकर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संभाग के स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग का उद्घाटन करते हुये। डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने कहा कि महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन/ ऑफलाइन काउंसलिंग के माध्यम से विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शासन की सभी योजनाओं, प्रवेश संबंधी अन्य जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त होगा। जबलपुर संभाग में इसकी शुरुआत आज से की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन



विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग का पोस्टर रिलीज किया गया।

प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रकिया के दौरान प्रवेशार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जबलपुर संभाग स्तरीय कॅरियर मार्गदर्शन समिति का गठन किया गया है। जिसमें जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों के शासकीय महाविद्यालय के 74 प्राध्यापकों/सहा. प्राध्यापकों, मनोवैज्ञानिकों एवं काउंसलरों द्वारा जबलपुर संभाग के महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक मोबाईल एवं ई मेल के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग प्रदान की जायेगी। विद्यार्थियों को कॅरियर काउंसलिंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विषय चयन, स्कॉलरशिप की जानकारी, महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठयक्रमो की जानकारी, शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं कोर्स सिलेक्शन, प्रवेश संबंधी, विद्यार्थियों की मानसिक तनाव एवं अन्य समस्याओं के समाधान आदि जिज्ञासाओं का समाधान मनोवैज्ञानिक एवं अकादमिक काउंसलरों किया जायेगा।

प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि ऑफलाइन काउंसलिंग हेतु विद्यार्थी संभागीय कार्यालय, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर) में कार्यदिवस में दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते है।

इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. उमा भारती धुर्वे, डॉ. तरुणेद्र साकेत, मनोवैज्ञानिक काउंसलर डॉ. उर्मिला शर्मा, डॉ. मधु अवस्थी, डॉ. संघा सिंह, डॉ. प्रज्ञा रामगिरि उपस्थित रही।



भोपाल (आरएनएस) ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गर्मी के मौसम में राजधानी की विद्युत पारेषण व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन, ई-8 अरेरा कॉलोनी भोपाल की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। नए ट्रांसफार्मर के जुड़ने से इस सबस्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 70 एमवीए हो गई है।



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध- किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी राज्य सरकार -मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली को दी 27 करोड़ रूपए लागत के सांदीपनि विद्यालय की सौगात**



# माताओं-बहनों को सर्वोपरि रखने की है हमारी संस्कृति- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबको साथ लेकर चलने के लिए सभी से अपील की थी, लेकिन कुछ राजनैतिक दलों को बहनों को उनका अधिकार देने में जरा भी दया नहीं आई। पहले भी बहनों के भरण पोषण के भत्ते से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी इन लोगों ने ही ठुकरा दिया था। राज्य सरकार माताओं-बहनों का सम्मान करते हुए लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सागर जिले में सांसद, महापौर भी महिलाएं हैं। प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नरयावली, सागर में विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन के प्रारंभ में बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल और डॉ. हरिसिंह गौर को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने वाले श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। क्षेत्र की जनता को नए सामुदायिक भवनों और आंगनवाड़ी भवनों की भी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आज 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। अब कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुंदेलखंड की धरती वीरों और महावीरों की धरती है। बुंदेलखंड के लोग हर क्षेत्र में दक्ष थे, लेकिन प्रकृति की मार पड़ी तो पानी की कमी हो गई और खेती प्रभावित होने से पलायन शुरू हो गया। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में यहां केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना की सौगात मिली है। इस 1 लाख करोड़ रूपए की परियोजना से बुंदेलखंडवासियों के पीने के पानी की समस्या हल होगी। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। उद्योग-धंधे स्थापित होंगे। सागर में इंडस्ट्रियल पार्क का कार्य तेजी से हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा। किसान भाइयों की मेहनत से प्रदेश में इस वर्ष गेहूं उत्पादन भी बढ़ा है। अब पॉली बैग्स का विकल्प निकाला गया है। राज्य सरकार ने गेहूं का एक-एक दाना खरीदने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार पहले छोटे और मध्यम वर्ग के किसान और उसके बाद बड़े किसानों का गेहूं खरीद रही है। केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के लिए 78 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीद का कोटा तय किया है, लेकिन इस बार गेहूं का उत्पादन दोगुना हुआ है, इसीलिए केंद्र सरकार से गेहूं खरीद का कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी राज्य सरकार ने भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत लाभान्वित कर उपज का उचित दाम दिलवाया था। सच्चा वादा, पक्का काम, प्रेम से बोलो जय श्रीराम हमारी सरकार का नारा है। जो कहा है, उसे पूरा करके दिखाया है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में नए सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। प्रदेश में स्कूल, कॉलेज, बांध, सड़कें और उद्योग सहित अन्य विकास कार्यों के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसानों से भूमि अधिग्रहित की जाती है। जमीन ही किसानों का आसरा होती है। इसीलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि किसानों को भूमि अधिग्रहण करने पर कलेक्टर रेट से 4 गुना मुआवजा दिया जाएगा। किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने 16 विभागों को एक साथ जोड़कर योजनाएं तैयार की हैं। सहकारिता के माध्यम से सरकार आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बन रहे आधुनिक सांदीपनि विद्यालय प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ रहे हैं। वर्ष 2025-26 में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आया तो सरकारी स्कूलों के बच्चों ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। बेटियों ने परीक्षाओं में बाजी मारी है। राज्य सरकार स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी और मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप दे रही है। नरयावली क्षेत्र डॉ. हरिसिंह गौर के समय से शिक्षा का पावन मंदिर रहा है। यहां कोई शासकीय विश्वविद्यालय नहीं था

, इसीलिए नरयावली में रानी अवंतीबाई के नाम पर राजकीय विश्वविद्यालय शुरू करने की पहल की गई। नरयावली को आज 27 करोड़ रुपए लागत के सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिली है, जो भविष्य निर्माण का प्रमुख केंद्र बनेगा। जरुआखेड़ी में 10 करोड़ की लागत से नवीन आईटीआई भवन, 60 सीटर छात्रावास और आवासीय भवनों का लोकार्पण भी हुआ है। आज इस ऐतिहासिक अवसर पर नरयावली की जनता को 58 करोड़ 46 लाख रुपए लागत के 98 विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन की सौगात मिली है। बुंदेलखंड में 2023 के बाद से 500 किलोमीटर से अधिक की सड़कें बन चुकी हैं। जिला अस्पताल में 100 बेड के नए वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। सागर जिले में 6 अलग-अलग नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। यहां एमएसएमई का एक क्लस्टर भी बनाया जा रहा है। बीना रिफाइनरी के माध्यम से कई बड़े प्रोजेक्ट यहां आ रहे हैं।

**मध्यप्रदेश में 8वें पोषण पखवाड़ा का हुआ भव्य समापन- पोषण योद्धाओं को किया सम्मानित**

# मस्तिष्क विकास के लिए शुरुआती 6 वर्ष और प्रथम 1000 दिन है सबसे महत्वपूर्ण -मंत्री सुश्री भूरिया

भोपाल -(आरएनएस) प्रदेश में 8वें पोषण पखवाड़ा का समापन गुरूवार को हुआ। इस अवसर पर आई एच एम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और पोषण को लेकर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों को साझा करते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र की नींव बच्चों के स्वस्थ बचपन में छिपी है और इसके लिए जीवन के शुरुआती 6 वर्ष सबसे निर्णायक होते हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने %मिशन पोषण 2.0% की सफलता पर कहा कि विज्ञान यह सिद्ध कर चुका है कि मनुष्य के मस्तिष्क का अधिकांश विकास उसके जीवन के शुरुआती छह वर्षों में ही हो जाता है। ऐसे में गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक के %प्रथम 1000 दिन% वह सुनहरा कालखंड हैं, जहाँ सही पोषण और उचित देखभाल के जरिए एक मजबूत पीढ़ी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि एक स्वस्थ माँ ही सुपोषित भविष्य की जननी है।



मंत्री सुश्री भूरिया ने शिशु स्वास्थ्य के बुनियादी सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि%कोलोस्ट्रम% यानी माँ के पहले गाढ़े पीले दूध को नवजात का %पहला टीका% माना जाता है । उन्होंने स्तनपान की सही तकनीक और जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान के महत्व पर जोर दिया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि छह माह की आयु पूर्ण होने के बाद बच्चों को सही समय पर पौष्टिक ऊपरी आहार देना अनिवार्य है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में कोई बाधा न आए। उन्होंने आधुनिक दौर की चुनौतियों का जिक्र करते हुए अभिभावकों को सचेत किया कि वे बच्चों का स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल और टीवी से दूरी कम करें और उन्हें खेल-आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित करें।मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पोषण पखवाड़ा% के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने पूरे देश में जन आंदोलन पोर्टल पर गतिविधियों की प्रविष्टि के मामले में देश भर में तीसरे स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से कुपोषण को दूर करने, स्तनपान को बढ़ावा देने और स्वस्थ आहार के साथ बच्चों के प्रारंभिक विकास पर विशेष बल दिया गया। मंत्री सुश्री भूरिया ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कुपोषण निवारण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और कर्मठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# क्षीर धारा अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि और गोवंश का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना है- मंत्री पटेल

भोपाल -(आरएनएस) पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने नरसिंहपुर जिले की तहसील तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम ब्रम्हनी में श्री मां मैकलसुता गौ सेवा संस्था द्वारा संचालित गोशाला का निरीक्षण एवं ग्राम बरमान कला और गुटोरी का भ्रमण किया। उन्होंने दोनों गांवों में विभाग द्वारा चलाए जा रहे क्षीर धारा अभियान का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षीर धारा अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि करना और गोवंश का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना है।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने भ्रमण के दौरान नरसिंहपुर जिले के विकासखंड करेली के ग्राम बरमान कला और गुटोरी पहुंचे। बरमान कला में वर्तमान में लगभग 1500 गोवंश एवं भैंसवंश का एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण और शत-प्रतिशत टैगिंग कार्य किया जा रहा है, जिसके बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्राम गुटोरी में आयोजित विशेष शिविर में अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से योजना को सफल बनाने के निर्देश दिए। विशेष शिविर के दौरान अब तक 15 पशुओं का टीकाकरण, 2 पशुओं का सफल बधियाकरण, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के तहत 1 डेयरी इकाई की स्थापना के साथ ही 22 पशुपालकों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस तरह से शिविर के माध्यम से 40 से अधिक हितग्राहियों लाभ उठाया।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने तहसील तेंदूखेड़ा के ग्राम ब्रम्हनी में श्री मां मैकलसुता गो सेवा संस्था द्वारा संचालित गोशाला पहुंचे। यहाँ पर गोशाला की व्यवस्था देख प्रशंन्नता जाहिर की। वर्तमान में गोशाला में 340 गो-माताओं का संरक्षण किया जा रहा है। नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत गिर नस्ल के सांड से प्राकृतिक गर्भाधान के साथ कृत्रिम गर्भाधान कार्य एवं टीकाकरण कार्यक्रम गोशाला में चलाया जा रहा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने भ्रमण के दौरान गोशालाओं में गोवंश को श्रेणीवार रखने, नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने, गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, गोशालाओं को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहकर आय के नए स्रोत (जैसे गो-उत्पाद) विकसित करने के लिए प्रेरित करने, शासन द्वारा प्रति गौमाता ?40 की राशि पोषण के लिए प्रदान की जा रही है, जिसका सदुपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेंसकार्ट विवाद- पं. धीरेंद्र ने कहा- नक्कटा तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले

खजुराहो (आरएनएस)। प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान लेंसकार्ट कंपनी को चेतावनी दी। उन्होंने कहा- एक कंपनी है उसका नाम लेंसकार्ट है, उसने बोला है अपनी कंपनी के वर्करों को कि हमारे यहां कोई तिलक लगा के नहीं आ सकता, मंगलसूत्र पहन के नहीं आ सकता, सिंदूर लगा के नहीं आ सकताज्।

पं. धीरेंद्र ने कहा- ठटरी के बरे! नक्कटा! तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? आगि के लगे! तेरो कक्का को भारत है का? हां! हमारे तो बाप का भारत है। हां! जिनको तिलक से, चंदन से, वंदन से, राम से, श्याम से, हनुमान से, बाबा बागेश्वर से दिक्कत हो, वो पतली गली लाहौर खिसक लें।

पं. धीरेंद्र ने कहा- हम एक बात हिंदुओं से कहे, कथा शुरू करने के पहलेज् आज उन्होंने तुम्हारे मंगलसूत्र पर उंगली उठाई, तिलक पर उंगली उठाई, कल तुम्हारी बिरादरी पर उंगली उठाएंगे, तुम्हारे सनातन पर उंगली उठाएंगे, तुम्हारे बच्चों पर उंगली उठाएंगे। यदि हम एकजुट नहीं होंगे, तो वो कल हमारी गीता-रामायण पर भी उंगलियां उठाएंगे, इसलिए हम सबको संगम से एक बात सीखनी है। जैसे संगम में तीन नदियां मिलकर महासंगम बनता है,

# जिस क्षेत्र में पीएनजी पाइपलाइन है, वहां इसका कनेक्शन जरूर लें: खाद्य मंत्री राजपूत

भोपा (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि वर्तमान मिडिल ईस्ट संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर, ऐसे स्थानों पर जहां पर सीजीडी संस्था की पाईलाईन मौजूद है, घरेलू, व्यावयिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में जिला स्तर पर जिला प्रशासन, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, ऑयल कंपनी एवं सीजीडी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से कैम्पों का आयोजन कर पीएनजी के लाभ एवं पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है।

जहाँ पर पीएनजी की पाइपलाइन है यदि वहाँ के उपभोक्ता ने पीएनजी कलेक्शन नहीं लिया तो उनको जून के बाद एलपीजी का सिलेंडर प्राप्त नहीं होगा। इसलिए ऐसे उपभोक्ताओं को जिनके घर के पास से पीएनजी की पाइप लाइन जा रही है, उनको पीएनजी का कनेक्शन लेना अनिवार्य है।

मंत्री राजपूत ने गैस उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिस क्षेत्र में पीएनजी की पाइप लाइन है, वहां पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। यह एलपीजी से ज्यादा सस्ती और सुरक्षित है।

पीएनजी का मतलब पाइप्ड नेचुरल गैस है। यह मुख्य रूप से मीथेन से बनी एक प्राकृतिक गैस है, जो पाइपलाइन के माध्यम से सीधे घरों और उद्योगों तक पहुंचाई जाती है। यह सिलेंडर (एलपीजी) का एक सुरक्षित, सुविधाजनक और स्वच्छ विकल्प है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कुकिंग के लिए किया जाता है। पीएनजी के लाभ-एक हरा ईंधन - मीथेन में कार्बन और हाइड्रोजन का अनुपात सबसे कम है, जो पीएनजी को सबसे स्वच्छ ईंधनों में से एक बनाता है। भारत में पीएनजी के घरेलू भंडार बहुत अधिक हैं, इसलिए एलपीजी की तुलना में पीएनजी का उत्पादन और आपूर्ति भू-राजनीतिक उथल-पुथल से कम प्रभावित होती है। एलपीजी प्राप्?त करने के लिये उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी में बार-बार सिलेण्डर बुक कराना पड़ता है, जबकि पीएनजी में कुकिंग गैस 24×7 सुलभ रूप से उपलब्ध होती है। एलपीजी की अपेक्षाकृत पीएनजी कम दर पर उपलब?ध है। पीएनजी के उपभोक्ता को उसके द्वारा वास्?तविक उपयोग की गई, मात्रा का ही भुगतान करना होता है, जबकि एलपीजी के संबंध में पूरा सिलेंडर बुक करके प्राप्?त किया जाता है। पीएनजी पर पकाए गए भोजन का पोषण मूल्य बेहतर होता है, क्योंकि एलपीजी की तुलना में पीएनजी से निकलने वाली गर्मी की तीव्रता कम होती है। मौजूदा एलपीजी स्टोव को बहुत कम खर्च पर पीएनजी के उपयोग के लिए बदला जा सकता है।

# सार्वजनिक स्थलों को बनायेंगे महिलाओं के लिये भयमुक्त और सुविधायुक्त

भोपाल (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए देश भर के 10 प्रमुख शहरों को 'सेफ सिटीज' परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिसमें मध्यप्रदेश से ऐतिहासिक नगरी धार को शामिल किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए धार जिले को 10 करोड़ रुपये की राशि आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2013 में 'निर्भया फंड' की स्थापना की गई थी, जिसके बाद वर्ष 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' के माध्यम से शहरी विकास और सुरक्षा के मानकों को नया आयाम दिया गया। धार जिले में यह परियोजना न्यूनतम 05 वर्षों के लिए क्रियान्वित की जाएगी। इस योजना का मुख्य केंद्र बिंदु सार्वजनिक स्थानों को महिलाओं के लिए पूरी तरह भयमुक्त और सुविधायुक्त बनाना है। परियोजना के अंतर्गत धार शहर में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगें। स्वास्थ्य सेवाओं को महिला अनुकूल बनाने के लिए जिला अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं एवं उनके परिजनों के लिए विशेष वेटिंग एरिया का निर्माण किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण परववाड़े के 8 वें संस्करण के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के 8 वें संस्करण के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ सरत्ला चौहान के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमे पोषण पखवाड़े की थीम के अंतर्गत गर्भवती धात्री महिलाओं और नवजात शिशओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा एवं स्क्रीन टाइम न्यूनतम करने हेतु अभिभावको को प्रेरित किया गया। पोषण पखवाडा हेतु नोडल डॉ अनुपमा वर्मा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुष औषधालयों एवं चिकित्सालयों द्वारा अभी तक 125 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है जिसमे 3000 से अधिक लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है।।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (AESL) जबलपुर ने JEE Main 2026 में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया

**11 स्टूडेंट्स क्वालिफ़ाई हुए; राघवेंद्र उपाध्याय 99.67 परसेंटाइल के साथ टॉप पर रहे**



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (AESL), जबलपुर के स्टूडेंट्स ने JEE Main 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है, जो सभी बैच में लगातार अच्छे एकेडमिक नतीजों और हाई लेवल की तैयारी को दिखाता है।

JEE Main 2026 (सेशन 2) में, आकाश इंस्टीट्यूट, जबलपुर के स्टूडेंट्स ने शानदार नतीजे हासिल किए, जिसमें कई स्टूडेंट्स ने हाई परसेंटाइल हासिल किए। इस ग्रुप को लीड कर रहे हैं राघवेंद्र उपाध्याय, जिन्होंने शानदार 99.67 परसेंटाइल हासिल किया और 5368 की ऑल इंडिया रैंक (AIR) हासिल की, और जबलपुर से टॉप परफ़ॉर्मर बने। राघवेंद्र उपाध्याय के अलावा, दूसरे टॉप परफॉर्मर में आर्यमन सिंह सोलंकी (99.53 परसेंटाइल), हर्षवर्धन गुप्ता (99.50 परसेंटाइल), आयुष मिश्रा (99.22 परसेंटाइल), सर्वज्ञ जैन (98.80 परसेंटाइल), और शशांक कुमार (98.76 परसेंटाइल) शामिल हैं, जो सेंटर के अच्छे एकेडमिक परफॉर्मेंस को दिखाते हैं। पाराश अग्रवाल, मननदीप सिंह कोहली, शुभ तिवारी, पूर्णिमा और अभिनव सिंह समेत कई दूसरे स्टूडेंट्स ने भी अच्छे स्कोर हासिल किए।

अप्रैल 2026 में जारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के रिजल्ट के मुताबिक, आकाश इंस्टीट्यूट, जबलपुर के स्टूडेंट्स ने JEE Main 2026 (सेशन 2) में बहुत अच्छा परफॉर्मेंस दिया। नतीजों पर कमेंट करते हुए,श्रस्रुके चीफ़ ऑफ़ एकेडमिक्स और बिज़नेस हेड डॉ. एचआर राव ने कहा- पूरे भारत में हमारे स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस उनके डेडिकेशन, डिसिप्लिन और आकाश लर्निंग इकोसिस्टम की ताकत को दिखाती है। उनकी लगातार कोशिशों, स्ट्रक्चर्ड एकेडमिक प्रोग्राम और एक्सपर्ट मेंटरिंग के सपोर्ट से, वे शानदार नतीजे हासिल कर पाए हैं। हम अपने सभी स्टूडेंट्स को बधाई देते हैं और उनकी लगातार सफलता की कामना करते हैं।

स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का क्रेडिट लगातार प्रैक्टिस, कड़ी ट्रेनिंग, समय पर मेंटरिंग और रेगुलर असेसमेंट को दिया, जिससे उन्हें कमियों को जल्दी पहचानने और अपनी परफॉर्मेंस को लगातार बेहतर बनाने में मदद मिली। एक स्ट्रक्चर्ड करिकुलम, अनुभवी फैकल्टी और रेगुलर सिम्युलेटेड टेस्ट के सपोर्ट से, वे अपने फंडामेंटल्स को मजबूत कर पाए और अपनी एग्जाम की तैयारी को बढ़ा पाए।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## आम सहमति की परवाह नहीं

अब नियम तय करने के मामले में भी मजबूत देश आम सहमति की परवाह नहीं कर रहे हैं। जो सहमत नहीं हैं, उनको छोड़कर आगे बढ़ने का नजरिया उन्होंने अपनाया है। डब्लूटीओ के ढांचे और उसकी भावना पर यह घातक प्रहार है। विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार डिजिटल ट्रांसमिशन पर टैक्स लगाने पर रोक को जारी रखने के लिए अमेरिका ने अपना पूरा दम लगाया। लेकिन कुछ देशों के विरोध के कारण वह सफल नहीं हुआ। तो अब उसने एलान किया है कि वह उससे सहमत देशों के साथ अलग से समझौता करेगा। ऐसे करार में शामिल होने के लिए उसने अपने व्यापार सहयोगी देशों से आगे आने को कहा है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा- 'सामान्य समझ से प्रेरित इस समझौते पर डब्लूटीओ सहमत नहीं हो सकता, तो अमेरिका उसके बाहर उन देशों के साथ ऐसा करार करेगा, जिनकी इसमें दिलचस्पी है।' अमेरिका के मन-माफिक समझौते को मोटे तौर पर ब्राजील और तुर्किये ने रोका। उधर भारत ने चीन की 'विकास के लिए निवेश सुविधा करार' (आईएफडी) संपन्न करने की कोशिश नाकाम कर दी। पिछले हफ्ते हुई 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 में से 129 देशों ने चीन के प्रस्ताव का समर्थन किया। अब संकेत हैं कि चीन उन देशों के साथ लेकर इस समझौते पर आगे बढ़ेगा। ये दोनों घटनाएं डब्लूटीओ की लगातार बढ़ रही अप्रासंगिकता को जाहिर करती हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के पीछे सोच अधिकतम सहमति से विश्व व्यापार के नियमों को तय करना और तय नियमों पर सख्ती से अमल की गारंटी करना थी।

# ब्रिगेड मैदान की जंग में ममता बनाम अमित शाह की जंग

साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई।


प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने कोलकाता की यात्रा की थी। उस दौरे पर उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री के कालीघाट स्थित घर का दौरा किया था। तब उन्होंने मंत्री की मां से उलाहना दिया था, आपकी बेटी मुझे बहुत परेशान करती हैं। कहना न होगा कि वह शख्सियत डेढ़ दशक से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री है। ममता बनर्जी लड़ाका है। धूल से उठकर राजनीतिक आसमान का तारा अगर वे बनी हुई हैं, उसकी वजह उनका सघर्षशील व्यक्तित्व ही है। लेकिन कोलकाता के मैदान में इस बार यह योद्धा फंसा नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह उनसे दो-दो हाथ कर रही है, निश्चित तौर पर उसके पीछे नरेंद्र मोदी की अगुआई में बंगाल की धूल में लगातार परिश्रम कर रहे बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। आज अगर बंगाली की सियासी लड़ाई आर-पार के दौर में आ चुकी है तो इसके पीछे अमित शाह की रणनीति काम कर रही है।

साल 2021 के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद कहा गया था कि बीजेपी चुनाव जीतते-जीतते हार गई है। ममता का संघर्ष बीजेपी की रणनीतियों पर भारी पड़ गया था। पांच साल बाद कोलकाता के रायटर्स बिल्डिंग पर कब्जे को लेकर सेनाएं सज गई हैं। लेकिन इस बार हालात बदले नजर आ रहे हैं। इसकी वजह अमित शाह का चुनाव प्रचार की कमान खुद संभालना है, जिन्होंने 170 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय कर रखा है। पिछले विधानसभा चुनाव में पिछड़ने के बावजूद अमित शाह ने राज्य की यात्राएं जारी रखीं और इसके जरिए अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित बनाए रखा। इस बार बीजेपी अगर सत्ता की प्रबल दावेदार के रूप में उभरी है तो इसकी बड़ी वजह बूथ प्रबंधन तो है ही, घुसपैठ और महिला सुरक्षा को मुद्दा बनाना भी है। बंगाल के बारे में कहा जाता है कि वह जो आज सोचता है, पूरा देश उस पर बाद में आगे बढ़ता है। शक्ति पूजा की संस्कृति वाले राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ममता के राज में कई बार सवाल उठे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में रेजिडेंट डाक्टर से दुष्कर्म और बर्बर हत्या के बाद अंग्रेजों की पहली राजधानी का भद्रलोक उद्वेलित हो उठा। अभी इसकी आंच ठंडी पड़ी नहीं कि कस्बा लॉ कालेज की छात्रा के साथ बलात्कार हुई। इसके पहले संदेशखाली में हुई कथित तौर पर यौन हिंसा और ज़मीन हड़पने के मामलों से पश्चिम बंगाल का समाज उद्वेलित रहा। अमित शाह के बार-बार के बंगाल दौरे के चलते बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने महिला सुरक्षा के मसले को कभी धीमा नहीं पड़ने दिया। इन्हीं वजहों से महिला सुरक्षा को लेकर तृणमूल कांग्रेस सवालों के घेरे में आ गई। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट भी राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की ही तसदीक करती है, जिसके अनुसार, राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 34,691 मामले दर्ज किए गए और एसिड हमलों में इसका हिस्सा सबसे ज़्यादा करीब 27.5 प्रतिशत रहा। बीजेपी को महिला सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाने में ममता बनर्जी के एक बयान से भी मिला, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। बीजेपी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आरजी कर की पीड़िता की मां मंजू देवनाथ को पनियाहाटा से उम्मीदवार बनाकर एक तरह से राज्य की महिलाओं को संदेश दे दिया है, संदेश यह कि वह उनकी सुरक्षा के लिए संजीदा है। बीजेपी ने महिलाओं को लुभाने के लिए दुर्गा सुरक्षा दस्ते बनाने और नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का भी वादा किया है। इसके साथ ही महिलाओं को मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह प्रतिमाह तीन हजार रूपए देने का वादा किया है। यहां याद रखना चाहिए कि ममता सरकार हर महीने महिलाओं को डेढ़ हजार रूपए दे रही है।


साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई।

अमित शाह ने इसी बुनियाद को मजबूत करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति बनाई। इसके तहत उन्होंने दो बातों पर जोर दिया। उन्होंने उन गढ़ों को और मज़बूत बनाने की रणनीति बनाई, जहां पहले से ही पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसके साथ ही उन चुनाव क्षेत्रों में आधार बढ़ाने की कोशिश तेज की, जहां 2021 में वह बहुत कम अंतर से हारी थी। इसके साथ ही अमित शाह ने पार्टी के भीतर की गुटबाज़ी को भी सुलझाने की कोशिश की।

# हिंदी में उच्च व तकनीकी शिक्षा - समय की माँग-आचार्य संजीव वर्मा सलिल



अखबार टाइम्स आफ इंडिया में प्रकाशित समाचार के अनुसार मध्य प्रदेश में 50000 अभियांत्रिकी विद्यार्थियों में से केवल 281 ने हिंदी माध्यम का चुनाव किया है। स्मरणीय है कि पूरे भारत में मध्य प्रदेश एकमात्र प्रदेश है जहाँ अभियांत्रिकी और चिकित्सा / आयुर्विज्ञान की पढ़ाई हिंदी माध्यम से भी करने की सुविधा है। विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम होने के कारण यह सुविधा बंद किए जाने का खतरा है। जरूरी है कि इंस्टिट्यूशन आफ इंजीनियर्स, इंडियन जिओ टेक्निकल कांग्रेस, प्रैक्टिसिंग इंजीनियर एसोसिएशन, इंजीनियर्स फोरम, वेल्युर्स संगठन, इंडियन अर्थक्वेक कांग्रेस जैसी संस्थाएँ हिंदी के माध्यम से अभियांत्रिकी शिक्षा को प्रोत्साहित करें।

हिंदी आम लोगों की भाषा

यह जमीनी हकीकत है कि ग्रामीण कृषक, श्रमिक तथा आदिवासी परिवारों के बच्चे अंग्रेजी भाषा को समझ और बोल नहीं पाते। उनके लिए तकनीकी शिक्षा के दरवाजे बंद रहे आते हैं। आज भी इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र में आबादी के अनुपात में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व नगण्य है।

अंग्रेजी के प्रति अंध मोह

अत्यंत दुखद है कि इंजीनियरिंग तथा मेडिकल व्यवसायों से संबंधित संस्थानों में अंग्रेजी के प्रति अंध मोह है। इस कारण यह संस्थाएँ हिंदी भाषा को व्यवहार में लाने अथवा हिंदी भाषा में शिक्षक को प्रोत्साहित नहीं करती हैं। देखा जा सकता है कि इन संस्थानों में दैनिक कार्यकलाप में हिंदी का प्रयोग किए जाने के बाद भी बैनरों, आमंत्रण पत्रों, कार्यक्रम संचालन तथा व्याख्यान आदि में अधिक से अधिक अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता है। हिंदी के प्रति उदासीनता और विरोध का आलम यहाँ तक है कि नगर में बंगालियों की प्रमुख संस्था सिद्धिबाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के आमंत्रण पत्र तथा स्मारिका आदि में अंग्रेजी को सर्वाधिक तथा उसके बाद बांग्ला को स्थान दिया जाता है जबकि हिंदी का प्रयोग नहीं किया जाता है। यह राष्ट्र का दुर्भाग्य है कि राष्ट्रीय भाषा के प्रति ऐसा परायापन व उपेक्षा का भाव व्याप्त है।

हिंदी में तकनीकी शिक्षा जरूरी

समय की माँग है कि लगभग 40 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद प्रदेश में तकनीकी शिक्षा हिंदी में आरंभ किए जाने के प्रति समर्थन और व्यवहार में अधिकतम विद्यार्थियों द्वारा हिंदी चयन का वातावरण तैयार किया जाए।

हिंदी की रोजगार परकता

राष्ट्र भाषा हिंदी के विरोध का एक कारण यह बताया जाता है कि हिंदी माध्यम से तकनीकी शिक्षा लेने पर रोजगार विकास तथा उन्नति के अवसर नहीं होते। इस भ्रामक धारणा का खंडन तकनीकी प्रतिष्ठानों तथा संस्थानों की व्यावसायिक गतिविधियों से अनुमानित किया जा सकता है। एक डॉक्टर अपने मरीजों को इलाज देते समय उनसे बातचीत हिंदी में करता है, उनकी बीमारी को हिंदी में तकलीफ सुनकर अनुमानित करता है किंतु उसका इलाज अंग्रेजी में लिखता है जिसे मरीज समझ ही नहीं पाता। ऐसे अनेक प्रकरण हुए हैं जब अंग्रेजी में लिखे गए दवाई के परचों पर मेडिकल स्टोर के कर्मचारियों ने गलत दवाइयाँ दी तथा अनेक बार मरीज ने दवाइयों का नाम न पढ़ पाने के कारण गलत दवाइयाँ खाईं और उन्हें इसके दुष्परिणाम भोगना पड़े। विधि तथा न्याय के क्षेत्र में वकील मुवक्किल से प्रकरण की पूरी जानकारी हिंदी में लेता है लेकिन न्यायालय में जिरह करते समय दलील अंग्रेजी में देने की कोशिश करता है। इस कारण मुवक्किल समझ ही नहीं पाता कि वह जो बात न्यायाधीश के ध्यान में लाना चाहता है वह कही भी गई या नहीं? इसी तरह न्यायाधीश द्वारा दिया गया निर्णय भी

## हिंदी के प्रति अरुचि खतरनाक

मुवक्किल वकील समझ ही नहीं पाता तो उसका पालन किस तरह करे? अभियांत्रिकी के क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों प्रकार की नौकरियों में रोजमर्रा के काम में हिंदी का ही प्रयोग किया जाता है। भ्रामक धारणा यह है कि रोजगार अंग्रेजी भाषा के माध्यम से मिला। एक अभियंता निजी काम करे या सरकारी वह संबंधित दफ्तरों में बाबूओं, चपरासियों से तथा कार्य क्षेत्र में ठेकेदारों, मिस्त्रियों, बढ़इयों, लोहारों, पलंबरों तथा अन्य तकनीकी कर्मियों से बातचीत केवल और केवल हिंदी में ही करता है। अत: वे सब तथा स्वयं अभियंता भी अपना पेट हिंदी भाषा के माध्यम से ही भरता है। इसलिए यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि हिंदी भाषी तथा अर्ध हिंदीभाषी क्षेत्रों (मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली आदि में व्यवसाय रोजगार तथा उद्योग की भाषा हिंदी ही है, अंग्रेजी नहीं।

मानसिक दासता

दुर्भाग्य है कि भारत में मानसिक दासता स्वतंत्रता के लगभग 80 वर्ष होने पर भी दूर नहीं हुई है। विदेशी आकाओं की भाषा अंग्रेजी आज भी अंग्रेजी प्रेमियों को मालिक होने का एहसास कराती है, जबकि हिंदी बोलने पर लोगों को गुलामी की अनुभूति होती है।

अंग्रेजी राज्य में शिक्षा नीति का निर्माण करनेवाले भविष्य दर्शी लार्ड मैकाले ने अपने आलोचकों को उत्तर देते समय यह भविष्यवाणी कर दी थी कि अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा के कारण एक दिन सभी ब्रिटिश पराधीनता भोग रहे देश में एक ऐसी पीढ़ी का जन्म हो जाएगा जो अपने देश की श्रेष्ठ मूल्यों को हीन और अंग्रेजों द्वारा थोपे गए मूल्यों को श्रेष्ठ समझेंगे। दुर्भाग्य से भारत में वर्तमान समय में ऐसी ही पीढ़ी का वर्चस्व है। प्रकृति का नियम है कि हर परिस्थिति एक चक्रीय क्रम के अनुसार बढ़ती-घटती है। भले ही आज अंग्रेजी लोभी अथवा अंग्रेजी के प्रति मोहग्रस्त लोगों का वर्चस्व हो लेकिन अब समय आ चुका है जब क्रमश: भारतीय भाषाओं का उत्थान होना है और अंग्रेजी के प्रति अंधमोह से ग्रस्त यह पीढ़ी तथा वातावरण क्रमश: विनष्ट होगा। यह शुभ कार्य जितनी जल्दी हो उतना ही अधिक अच्छा होगा।

मातृभाषा में समझना सरल

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार किसी भी विषय की जानकारी मानव मस्तिष्क अपनी मातृभाषा में सर्वाधिक सरलता व सहजता से समझ सकता है तथा सर्वाधिक समय तक स्मरण रख सकता है जबकि अन्य भाषाओं में दी गई जानकारी समझने, संग्रहित करने और याद रखने में कठिनाई अधिक होती है। इस मनोवैज्ञानिक सत्य के आधार पर भी हिंदी भाषा में तकनीकी और गैर तकनीकी सभी विषयों का शिक्षण ही एकमात्र विकल्प बचता है।

उन्नत देशों में शिक्षा माध्यम मातृभाषा

संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपने एक अध्ययन के बाद दिए गए निष्कर्ष में कहा है कि विश्व में सर्वाधिक पिछड़े देश वे हैं जहाँ उच्च और तकनीकी शिक्षा का माध्यम मातृभाषाएँ न होकर कोई विदेशी भाषा है। ऐसे अधिकांश देश कभी ना कभी अंग्रेजों के गुलाम रहे हैं, जिनमें से एक भारत भी है। इसके सर्वथा विपरीत विश्व के सर्वोन्नत देश वे हैं जहाँ उच्च-तकनीकी शिक्षा का माध्यम उन देशों की मातृभाषाएँ हैं। इनमें रूस जहाँ रूसी में, चीन जहाँ मंडारिन में, जापान जहाँ जापानी में, जर्मन जहाँ जर्मनी में, ऑस्ट्रेलिया जहाँ ऑस्ट्रेलियन में उच्च व तकनीकी शिक्षा दी जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर भी

हिंदी ही उच्च व तकनीकी शिक्षा का माध्यम हो सकती है।

भाषा से संस्कार- भाषा संस्कार की वाहिका होती है। देश में दिन-ब-दिन बढ़ते हुए अंग्रेजी भाषी अधकचरा शिक्षा संस्थानों के अनुपात में अपराधिक गतिविधियों की हो रही वृद्धि सहज ही देखी जा सकती है।

हिंदी से सुसंस्कार- हिंदी भारत की मूल भाषा है जिसका जन्म और विकास भारत में ही हुआ है हमारी सभी पर्वकथाएँ, लोकगीत, लोक कथाएँ आदि हिंदी में ही हैं। इस कारण हिंदी हमारे पारंपरिक संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्य को धारण करती है जबकि अंग्रेजी विदेशी भाषा होने के कारण उन देशों की सभ्यता सांस्कृतिक मूल्यों तथा परंपराओं को संप्रेषित करती है। हिंदी में शिशु निर्मलता बच्चा आबोधता, किशोर उत्सुकता, तरुण उत्साह, युवा परिवर्तन, प्रौढ़ अनुभव संपन्न तथा वृद्ध संतोष का प्रतीक है। अंग्रेजी में वयस्क या एडल्ट होने का अर्थ एडल्ट्री करना है। यह एडल्ट्री ही दुराचार की जननी है। हर बच्चा चाहता है कि वह जल्दी से जल्दी बड़ा या वयस्क हो। भारत शिशु बड़ा होने के लिए संयम तथा अनुशासन की सीढ़ियाँ चलता है जबकि अंग्रेजी भाषिक शिशु चिल्ड्रन से एडल्ट होने के लिए एडल्ट्री की राह पकड़ता है यह सामाजिक-भाषिक सत्य पाश्चात्य सरकारों के लिए सर दर्द का कारण बन गया है। उन देशों में शालेय शिक्षा के स्तर पर ही बच्चों में यौन आचरण के प्रति रुचि बढ़ती हुई देखी जा सकती है जिसका परिणाम सर्वाधिक यौन अपराधों तथा हिंसक वृत्ति के रूप में में सहज दृष्टव्य है। भारत को सामाजिक हिंसा तथा यौन अपराधों से बचने के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रति अंध मोह से मुक्त होकर भारतीय भाषाओं में सामान्य उच्च तथा तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था करनी ही होगी अन्य कोई उपाय नहीं है।

भारत में कस्बाई तथा ग्रामीण क्षेत्रों में महानगरों की तुलना में अपेक्षाकृत कम यौन अपराध तथा हिंसा होने का एक कारण अंग्रेजी भाषा का कम तथा अधिक प्रभाव होना भी है।

तकनीकी किताबों की भाषा

विद्यार्थियों द्वारा तकनीकी शिक्षा के लिए हिंदी भाषा न चुनने का बड़ा कारण तकनीकी पुस्तकों में उपयोग की जा रही भाषा का अव्यावहारिक, अति संस्कृतनिष्ठ तथा कठिन होना है। विधिक किताबों में भी ऐसी भाषा के प्रयोग ने उन्हें अव्यावहारिक बना दिया है।

तकनीकी विषयों की भाषा साहित्यिक या संस्कृत निष्ठ नहीं, सटीक-सार्थक और व्यावहारिक होना जरूरी है।

बोल-चाल की भाषा में रोटी और गेंद दोनों को %गोल% कहा जा सकता है पर विज्ञान में रोटी वृत्ताकारी व गेंद गोलाकारी है। जन सामान्य %रेल% आ रही है, कहता है जबकि रेल का अर्थ %पटरी% होता है। %ट्रेन% आती है जिसके लिए %रेलगाड़ी% शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए। साहित्यिक पुस्तक में दिल में महबूब रह सकता है, मेडिकल की किताब में नहीं, वहाँ दिल खून प्रवाहित करनेवाला पंप है। साहित्य में सुंदरी का बदन या कमल, हिरनी या मछली जैसे हो सकते हैं आयुर्विज्ञान में नहीं।

## बस्तर के लिए खुले वैश्विक द्वार; 4 घंटे में पूरा होगा समंदर तक का सफर

प्रदीप कुमार लाल

बस्तर की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-130 सीडी) एक क्रांतिकारी कदम साबित होने जा रहा है। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा यह 6-लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर न केवल दूरियों को कम करेगा, बल्कि बस्तर के स्थानीय उत्पादों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों तक पहुँच प्रदान कर लैंड-लॉक्ड क्षेत्र की बाधाओं को समाप्त करेगा।

दुर्गम घाटों से मुक्ति और समय की बड़ी बचत

वर्तमान में जगदलपुर से विशाखापट्टनम की यात्रा ओडिशा के कोरापुट और जयपुर के कठिन घाटों से होकर गुजरती है, जिसमें 7 से 9 घंटे का समय लगता है। भारी वाहनों के लिए यह मार्ग न केवल थकाऊ है, बल्कि डीजल की खपत और मेंटेनेंस के लिहाज से भी खर्चीला है। नया कॉरिडोर इस यात्रा को मात्र 3.5 से 4 घंटे में समेट देगा। सीधा और घाट-मुक्त रास्ता होने के कारण वाहनों का परिचालन खर्च काफी कम हो जाएगा, जिससे परिवहन क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी।

नबरंगपुर इंटरचेंज: बस्तर का प्रवेश द्वार

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-130 सीडी) छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी, कांकेर और कोंडागांव जिलों से गुजर रहा है। जगदलपुर मुख्यालय को इस कॉरिडोर से जोड़ने के लिए ओडिशा के नबरंगपुर का दासपुर इंटरचेंज महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जगदलपुर का ट्रैफिक मात्र 50-60 किमी का सफर तय कर नबरंगपुर इंटरचेंज के माध्यम से रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर में शामिल हो सकेगा, जिससे बस्तर सीधे विशाखापट्टनम पोर्ट और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क से जुड़ जाएगा।

बस्तरिया ब्रांड का अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश

इस कॉरिडोर का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव बस्तर की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अब बस्तर की अरेबिका कॉफी, जैविक इमली, महुआ उत्पाद और प्रसिद्ध ढोकरा शिल्प को विशाखापट्टनम पोर्ट तक पहुँचाना सुगम होगा। कम लॉजिस्टिक लागत के कारण ये उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय किसानों, संग्रहकर्ताओं और शिल्पकारों को उनकी उपज का बेहतर अंतरराष्ट्रीय मूल्य मिल सकेगा।

सामाजिक और आर्थिक उत्थान

बस्तर, कांकेर और कोंडागांव जैसे आकांक्षी जिलों को इस परियोजना से सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं इन सुदूर क्षेत्रों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। इस राजमार्ग के माध्यम से बस्तर का कृषि उत्पाद और इस्पात सीधे रायपुर, दुर्ग-भिलाई और विशाखापट्टनम जैसे औद्योगिक केंद्रों से जुड़ जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी, प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स, रियल एस्टेट और सर्विस सेक्टर में हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर बस्तर में औद्योगिक विकास की एक नई लहर लाने के लिए तैयार है।

औद्योगिक और खनिज विकास

बस्तर क्षेत्र लौह अयस्क और अन्य खनिजों से समृद्ध है। यह कॉरिडोर इन खनिजों को विशाखापत्तनम पोर्ट तक तेजी से पहुंचाने में मदद करेगा, जिससे निर्यात और व्यापार में भारी उछाल आएगा। कॉरिडोर के किनारे नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान का विस्तार

कनेक्टिविटी में सुधार होने से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा, दंतेश्वरी मंदिर, ढोलकल गणेश, कुतुमसर गुफा और चित्रकोट-तीरथगढ़ जैसे जलप्रपातों तक पहुंच आसान होगी। इससे न केवल पर्यटन राजस्व बढ़ेगा, बल्कि आदिम संस्कृति और लोक कलाओं को भी वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी।

पर्यावरण और इंजीनियरिंग का तालमेल

कांकेर जिले के बासनवाही के मंझिनगढ़ पहाड़ी (केशकाल) को चीरकर 2.79 किमी लंबी छत्तीसगढ़ की पहली ट्विन-ट्यूब टनल बनाई जा रही है। यह टनल उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव जोन से गुजरती है, जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि वन्यजीवों का आवागमन बाधित न हो। साथ ही पूरे राजमार्ग में मंकी कैनोपी, एनिमल अंडरपास और ओवरपास बनाए जा रहे हैं ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे।

रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर

रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-130 सीडी) बस्तर संभाग और पूरे छत्तीसगढ़ के आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। लगभग 16,491 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह 464 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर न केवल दूरी कम करेगा, बल्कि बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने में सेतु का काम करेगा। यह कॉरिडोर बस्तर को विश्व व्यापार की मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परियोजना सही मायने में बस्तर की आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान का आधार बनेगी।

लेखक क्षेत्रीय अधिकारीभारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर हैं

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही प्रोजेक्ट पूरा कर लेंगे शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ़ हो सकती है।

कर्क राशि: आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर आपकी शिकायत कर सकता है।

सिंह राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम को करने में गुजारेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे,

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए मिली- जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है।

धनु राशि: आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके नजरिये को एक सकारात्मक दिशा देंगे।

कुम्भ राशि:आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे।



दुनिया एक ओर संघर्षों में उलझी हुई है लेकिन भारत वैश्विक चुनौतियों और विकासशील देशों की चिंताओं का समाधान निकालने की दिशा में बड़ी पहल करने जा रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली में अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेता जुटने वाले हैं, जहां चौथा भारत अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन 28 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित होगा। इस सम्मेलन में अफ्रीकी महाद्वीप के विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, अफ्रीकी संघ आयोग और क्षेत्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य भारत और अफ्रीका के बीच बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करना तथा भविष्य के सहयोग के लिए एक स्पष्ट और ठोस रूपरेखा तैयार करना है।



# बंगाल में 4 मई को भगवा लहराएगाः योगी

## यूपी के सीएम ने कहा- किसी भी माई के लाल को बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा

कोलकाता (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महानगर कोलकाता के जोड़ासांको में रैली व पार्टी की सभा से जहां भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया वहीं उन्होंने सीएम ममता बनर्जी को ललकारा। सीएम योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 4 मई को भगवा लहराएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुआ-भतीजा बंगाल का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां ऊर्दू चलेगी। किसी भी माई के लाल को बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग अब बंगाल की संस्कृति और विरासत को बचाने के लिए परिवर्तन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह भूमि स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणास्थली रही है और आज भी जनशक्ति को दिशा देती है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है, कई उद्योग बंद हुए हैं और किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हुए हैं और जनता अब बेहतर शासन की अपेक्षा कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि, बड़ा बाजार सबसे समृद्धतम व्यापारिक क्षेत्रों में अन्यतम है। जहां व्यापार, साहित्य, कला, सांस्कृतिक परंपरा व पौराणिक कालीबाड़ी मंदिर के लिए भी यह क्षेत्र जाना जाता है। हमें बंगाल की अस्मिता को बचाना है और कठमुल्लेपन को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में रोकना है। योगी ने मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र ने आपको जो ताकत दी है, अपने वोट के जरिए उसका सही इस्तेमाल कीजिए। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नारे पर भी निशाना साधते हुए कहा, वे कहती हैं 'खेला होबे', लेकिन हम कहने आए हैं 'एबार खेला शेष, उन्नयन शुरू'। बड़ा बाजार के सत्यनारायण पार्क में उत्तर कोलकाता की विभिन्न विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में योगी ने दावा किया कि पहले चरण में भाजपा 80 प्रतिशत सीटें जीत रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब उपद्रव नहीं, उत्सव का माहौल है और माफिया राज समाप्त हो चुका है। यदि कोई अपराधी सिर उठाता है, तो सरकार उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है।सीएम योगी ने कहा कि आज रवींद्रनाथ टैगोर, अरविंद घोष, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की पावन धरा में टीएमसी के गुंडे चीरहरण कर रहे हैं, लूट रहे हैं। टीएमसी टेरर, माफिया राज व करप्शन का पर्याय बन गई है। जो बंगाल कभी भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन हुआ करता था, भारत के विकास में मजबूती के साथ आगे बढ़ता था, जिस बंगाल में उद्योगों की लंबी श्रृंखला थी, नौजवानों के पास रोजगार था, अन्नदाता किसान की मेहनत से धरती सोना उगलती थी, आज उसी बंगाल में उद्योग-धंधे बंद हो रहे हैं। नौजवान बेरोजगार हैं। धान व मछली का उत्पादन घट रहा है। आलू उत्पादक किसान अपमानित महसूस कर रहा है। बंगाल में आज उपद्रव जैसा माहौल है। बता दे कि उक्त चनावी सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से भाजपा उम्मीदवारों, जोड़ासांको से विजय ओझा, मानिकतला से तापस रॉय, चौरंगी से संतोष पाठक, श्यामपुकुर से पूर्णिमा चक्रवर्ती, बेलेघाटा से पार्थ चौधरी और इंटाली से प्रियंका टिबरेवाल की शानदार जीत सुनिश्चित करने की अपील की।



रुद्रप्रयाग जिले में श्री तुंगनाथ महादेव मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले.




विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आदिवासी विभाग की बैठक में शामिल हुए।

# खड़गे के आतंकी वाले बयान से उबाल, बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ईसी से मिला, सख्त एक्शन की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित तौर पर आतंकवादी कहे जाने पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. भाजपा लगातार इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस को घेर रही है. इसी क्रम में भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचा और इस मामले की शिकायत ईससीआई के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के साथ कार्रवाई करने की मांग की.

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा दूसरे लोग शामिल थे. किरेन रिजिजू ने खड़गे की टिप्पणी की कड़ी निंदा की और इसे पूरे देश का मुद्दा बताया.

रिजिजू ने कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने कांग्रेस जितनी बेइज्जती कभी नहीं की. उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से सख्त कार्रवाई करने की मांग की और कांग्रेस अध्यक्ष से देश से माफी मांगने को कहा. उन्होंने कहा, आज भाजपा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला.

उन्होंने कहा कि हम दुख और गुस्से के साथ चुनाव आयोग से मिले हैं क्योंकि आम तौर पर हम चुनाव प्रक्रिया से जुड़े काम के लिए चुनाव आयोग से मिलते हैं, लेकिन आज हमारा प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई गलत बातों के लिए गया था.

यह भाजपा का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है. देश के पीएम को आतंकवादी कहना, आप समझ सकते हैं कि कांग्रेस एक व्यक्ति और लोकतंत्र का सम्मान करने के मामले में किस हद तक गिर गई है.

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने कभी किसी पीएम के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणी की होगी. उन्होंने कहा, पीएम सिर्फ एक पार्टी के पीएम नहीं हैं, बल्कि देश के पीएम हैं. उन्हें दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के पीएम के तौर पर चुना गया है.

कांग्रेस ने अक्सर पीएम के खिलाफ अपमानजनक बातें की हैं, चाहे वह घटिया, जहरीला सांप हो, कमांडर-इन-चीफ हो, और क्या नहीं. लेकिन आज उन्होंने सारी हदें पार कर दीं. पीएम नरेंद्र मोदी को वैश्विक नेता और लोकतंत्र का आदर्श माना जाता है.

हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि अगर कोई राजनीतिक पार्टी ऐसी भाषा का इस्तेमाल करती है, तो यह भाजपा का मुद्दा नहीं है, बल्कि प्रजातंत्र में एक घटिया तरीका है.

इसलिए हमने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है और यह भी कहा है कि खड़गे को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा, ताकि कोई भी देश के पीएम का अपमान करने की हिम्मत न कर सके और चुनाव आयोग की मौजूदगी में कोई भी राजनीतिक पार्टी ऐसी टिप्पणी न कर सके.

रिजिजू ने आगे कहा कि चुनाव आयोग ने मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है. उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है.

## हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ खुले केदारनाथ धाम के कपाट, वीडियो-रील बनाने पर रोक

रुद्रप्रयाग,(आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिए गए। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। मंदिर को 51 क्विंटल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कपाट खुलने के इस पावन अवसर पर उत्तराखंड की दिव्य भूमि पर चारधाम यात्रा के लिए सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम और चारधाम यात्रा आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का दिव्य उत्सव है, जो भारत की सनातन संस्कृति के दर्शन कराती है। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

मंदिर परिसर में सख्ती, मोबाइल और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध




भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों ने गाजियाबाद के घंटा घर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहने पर उपराष्ट्रपति ने खड़गे को घेरा, कहा- अंतर नहीं समझते

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आतंकवादी कहे जाने पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी आपत्ति जताई है। उन्होंने कर्नाटक के बिदर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंच से ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि कभी-कभी खड़गे काला और सफेद में और आतंकवादी और आतंकवादियों के लिए आतंक में अंतर नहीं कर पाते हैं। जब उपराष्ट्रपति यह बात कह रहे थे, तब कार्यक्रम में खड़गे भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है, जब भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बीजेपी प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के कार्यालय में इसकी शिकायत करने पहुंचा था। रिजिजू ने इसे निंदनीय बताते हुए मांग की कि खड़गे और कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और आयोग को उन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल थे। तमिलनाडु के चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए खड़गे ने भाजपा और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के गठबंधन पर निशाना साधा था और कहा था

# आई-पीएसी मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप कर लोकतंत्र खतरे में नहीं डाल सकता

नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि एक मुख्यमंत्री इस तरह के कार्यों से लोकतंत्र को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। कोर्ट ने कहा, राज्य का मुख्यमंत्री जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में नहीं डाल सकता और यह नहीं कह सकता कि इसे राज्य और केंद्र के बीच का विवाद न बनाएं। कोर्ट ने कहा, यह अपने आप में एक ऐसा कृत्य है जो मुख्यमंत्री द्वारा पूरे लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए किया गया है। आपने हमें सीरवाई और अंबेडकर के बारे में बताया, लेकिन उनमें से किसी ने भी इस देश में ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन कोई मौजूदा मुख्यमंत्री ऐसा करेगा। कोर्ट इस दलील से भी सहमत नहीं हुआ कि अनुच्छेद 32 से जुड़े प्रश्नों का निर्णय एक बड़ी पीठ द्वारा किया जाए। कोर्ट ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल की जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकता। कोर्ट ने कहा, जिस दूसरी पीठ के समक्ष एफआईआर का मामला विचाराधीन है, वहां हमने देखा है कि कई न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाकर रखा गया था। हम वास्तविकता से आंखें नहीं मूंद सकते। हम राज्य में मौजूद व्यावहारिक स्थिति को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हमें टिप्पणियां करने के लिए विवश न करें। यह एक असाधारण स्थिति है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से भिन्न हैं।

## मुंबई में कैबिनेट मंत्री ने निकाली रैली; ट्रैफिक में फंसी महिला ने फटकारा, कहा- गेट आउट

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर निकाली जा रही रैली के कारण ट्रैफिक जाम में फंसी महिला बुरी तरह नाराज हो गई। उसने सड़क पर साक्षात्कार दे रहे जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन को फटकार लगाते हुए रास्ता खाली करने को कहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें लोग महिला की तारीफ कर रहे हैं और मंत्री से भिड़ने के कारण उसकी हिम्मत की दाद दे रहे हैं।

वर्ली में महिला आरक्षण के समर्थन और विपक्ष के विरोध में रैली निकाली जा रही थी, जिससे ट्रैफिक जाम लग गया। इस बीच कैप पहने एक महिला गुस्से में आई और मंत्री से अंग्रेजी में बोली, मैदान में जाकर बोलिए, ट्रैफिक रोककर नहीं। क्या तुम्हें समझ नहीं आया? सैकड़ों लोग फंसे हैं। यहां से चले जाओ। इसके बाद मंत्री आगे बढ़ते दिखते हैं।




कोलकाता में, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर दम दम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सौरव सिकदर और खरदह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कल्याण चक्रवर्ती के समर्थन में आयोजित एक जनसभा के दौरान हाथ हिलाते हुए।



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा ज़िले के छिंदनार में एक मैदान में ब%चों के साथ रस्साकशी खेलते हुए।

# महिलाओं पर शर्मनाक टिप्पणी कर बुरी तरह फंसे पप्पू यादव, महिला आयोग ने थमाया नोटिस

पटना,(आरएनएस)। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव महिलाओं को लेकर दिए गए अपने एक बेहद आपत्तिजनक बयान के कारण बुरी तरह घिर गए हैं। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर की गई उनकी एक विवादित टिप्पणी ने बड़े राजनीतिक तूफान को जन्म दे दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार राज्य महिला आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए सांसद पप्पू यादव को आधिकारिक नोटिस जारी किया है और उनसे इस अमर्यादित बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है।

राजनीति में महिलाओं के संघर्ष को लेकर दिया था विवादित बयान

सांसद पप्पू यादव ने हाल ही में राजनीति में कदम रखने वाली महिलाओं को लेकर एक ऐसी टिप्पणी की थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि महिलाओं को राजनीति में आने और अपनी जगह बनाने के लिए समझौता (कंप्रोमाइज) करना पड़ता है। उनके इस बेतुके बयान के सामने आते ही सियासी गलियारों में भारी बवाल मच गया। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक सुर में उनके इस बयान की कड़ी निंदा की है।

महिला आयोग सख्त, तीन दिन के भीतर मांगा जवाब

इस मामले ने तब और ज्यादा तूल पकड़ लिया जब बिहार राज्य महिला आयोग ने इस विवादित बयान का स्वतः संज्ञान लिया। महिला आयोग ने सांसद पप्पू यादव को नोटिस जारी करते हुए उनके शब्दों पर सख्त ऐतराज जताया है। आयोग ने अपने आधिकारिक नोटिस में स्पष्ट रूप से लिखा है कि एक जनप्रतिनिधि के इस तरह के बयान से महिलाओं के आत्मसम्मान और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंची है। महिला आयोग ने सांसद को अपना लिखित जवाब दाखिल करने के लिए महज तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है।

बीजेपी ने बताया ओछी मानसिकता, महिला आरक्षण पर भी उठा चुके हैं सवाल

पप्पू यादव के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे बेहद शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज जब एक तरफ पूरा देश 'नारी शक्ति' का सम्मान कर रहा है और उसे बढ़ावा दे रहा



बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान और दक्षिण भारतीय सिनेमा की %लेडी सुपरस्टार% नयनतारा के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बुधवार को मुंबई में इस नई फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। प्रसिद्ध निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर अभी से ही फिल्मी गलियारों में जबरदस्त चर्चा है।



# अरिजीत सिंह की फैन बनीं निकिता गांधी, कहा- उनके सफर से मैंने बहुत कुछ सीखा है

बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपने बहुमुखी गायन से फैंस के दिलों में खास जगह बना चुकी निकिता गांधी ने अरिजीत सिंह के साथ कई गानों में अपनी आवाज दी है। उन्होंने बताया कि वे अरिजीत की बहुत बड़ी फैन हैं। निकिता कहती हैं, मैं अरिजीत की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और मैं उनके सफर और गायकी का बहुत सम्मान करती हूं। मैं खुद भी एक बहुमुखी गायिका हूं। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि मैंने उनके सफर से बहुत कुछ सीखा है। बेशक, इस बात का बहुत दुख है कि अभी वे नए दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन उन्होंने बहुत सारा काम किया है और इस इंडस्ट्री को अपना बहुत कुछ दिया है। निकिता गांधी ने आगे अपने सफर को याद किया। उन्होंने बताया कि पहले फिल्मों में गाना शुरू किया, उसके बाद अपना इंडी म्यूजिक रिलीज किया। आमतौर पर लोग पहले इंडी करते हैं और फिर फिल्मों में आते हैं, लेकिन मेरा सफर उल्टा रहा। कॉलेज के दिनों में मैंने तमिल फिल्मों में गाना शुरू किया। उस समय म्यूजिक इंडस्ट्री में आने का मेरा कोई भी प्लान नहीं था, लेकिन साउथ इंडस्ट्री और फिर बॉलीवुड में मौका मिला। उसके बाद उन्होंने अपना करियर शुरू किया।



निकिता कहती हैं, यह बहुत अलग और शानदार सफर रहा, क्योंकि मैंने कभी सिंगर बनने का सपना नहीं देखा था। इसलिए, मैंने इसे प्यार से किया और अपने करियर का पूरा मजा लिया।

लाइव परफॉर्मेंस और स्टूडियो रिकॉर्डिंग के बीच अंतर पर बात करते हुए निकिता ने बताया कि दोनों अनुभव बिल्कुल अलग हैं। दोनों एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत हैं। लाइव शो में दर्शकों की मिली-जुली ऊर्जा मिलती है, जो बहुत खास होती है। वह पल उसी समय का होता है और चला जाता है। हर कोई उस अनुभव को महसूस करता है। दूसरी ओर, स्टूडियो में रिकॉर्डिंग करते समय परफेक्शन पर जोर होता है। जब आप स्टूडियो में सॉन्ग रिकॉर्ड करते हैं, तो परफेक्शन के लिए तीन-चार बार टेक लेते हैं, जब तक गाना एकदम सही न हो जाए। क्योंकि यह रिकॉर्डेड चीज हमेशा के लिए रह जाती है। इसलिए इसे जितना बेहतर बना सकते हैं, उतना बेहतर बनाते हैं। इसमें समय और कड़ी मेहनत लगती है।

## राजा शिवाजी का पहला गाना जारी, छत्रपति के लुक में खूब जंचे रितेश देशमुख

राजा शिवाजी एक ऐसी ऐतिहासिक फिल्म है, जिसे बनाने का सपना रितेश देशमुख ने कई साल पहले देखा था। हाल ही में, फिल्म का मराठी, हिंदी और तेलुगु भाषा में टीजर जारी हुआ जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में रितेश ने मराठा साम्राज्य के वीर छत्रपति शिवाजी का किरदार निभाया है। इस किरदार में वह खूब जंचे हैं। अब फिल्म से राजा शिवाजी एंथम जारी किया गया है, जो छत्रपति के बल और शौर्य की एक झलक पेश करता है।

छत्रपति एंथम को अजय गोगावले ने आवाज दी है। संगीत अजय-अतुल ने दिया है। इसकी भव्यता को बढ़ाने के लिए 80 गायकों का बड़ा कोरस भी शामिल है। रेमो डिसूजा ने कोरियोग्राफी की है,

# सूरज की बाहों में..., वादियों में वेकेशन एन्जॉय करती दिखीं श्वेता तिवारी, सादगी से नहीं हटेगी नजर

टीवी की पॉपुलर और खूबसूरत एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने इन दिनों भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन वो अक्सर सोशल मीडिया के जरिए फैंस ने जुड़ी रहती हैं. हाल ही में श्वेता तिवारी ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपने बेटे के साथ वैकेशन एंजॉय नजर आ रही हैं.



श्वेता तिवारी इन दिनों अपने बेटे के साथ वादियों के बीच वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. इंस्टाग्राम पर उन्होंने कई फोटोज शेयर की हैं. इन शेयर की गई फोटोज में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं. 45 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपनी क्यूटनेस से सबको दीवाना बना रही हैं. श्वेता तिवारी अपने बेटे संग इन दिनों पहाड़ों और नदी के बीच सुकून भरे पल बिताती नजर आ रही हैं. व्हाइट टी-शर्ट और हाई स्लिट स्कर्ट में श्वेता तिवारी का लुक भी काफी स्टाइलिश लग रहा है. वो एकदम संतूर मॉम लग रही हैं. इस फोटो में एक्ट्रेस अपने बेटे को लाड प्यार करती नजर आ रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है. एक्ट्रेस ने वेकेशन की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सूरज की बाहों में. विटामिन डी फ्री है, साथ ही मूड अपग्रेड भी. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं. फैंस उनकी मुस्कान और सादगी पर दिल हार बैठे हैं.

**फिल्म है जवानी तो इश्क... से पहला धमाकेदार गाना रिलीज, मीका सिंह ने लगाए सुर**

वरुण धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की पहली झलक हाल ही में जारी की गई थी। डेविड धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी मुख्य किरादार में नजर आएंगी। निर्माताओं ने फिल्म से पहला धमाकेदार गाना जारी किया है। व्याह करवादो जी गाने का फिल्मांकन वरुण और मृणाल पर किया गया है जो शादी संगीत वाली पूरी वाइब देता है।

## पति पत्नी और वो दो का टीजर रिलीजः 3 हीरोइनों संग रोमांस करते दिखे आयुष्मान खुराना

पति पत्नी और वो दो सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है. फैंस इसकी झलक पाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मेकर्स ने उनके इस इंतजार पर अब ब्रेक लगा दिया है . मेकर्स ने आयुष्मान खुराना, सारा अली खान और वामिका गब्बी की अभिनीत फिल्म का टीजर जारी किया है, जिसने फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दी है. इस टीजर में हंसी, कन्फ्यूजन और जबरदस्त हंगामे का एक मजेदार सफर देखने को मिलेगा. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पति पत्नी और वो दो का टीजर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, समय सब कुछ बदल देता है, पर पतियों की फितरत उसके भी बस में नहीं, आ रहे हैं प्रजापति पांडे, इस बार अपनी पत्नी और वो दो के साथ, पति पत्नी और वो दो का टीजर अब जारी . 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में. 1 मिनट 22 सेकंड के टीजर की शुरुआत एक वॉयसओवर के साथ हुई जिसमें बताया गया कि समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदला, पर पतियों की फितरत कभी नहीं बदली. वीडियो में दिखाया गया है कि आयुष्मान के ऑफिस में कोई लड़की मिलने आती है, जिसे देख वह मंत्रमुग्ध हो जाते हैं. यहां उनके इस अंदाज को पतियों की फितरत से तुलना की जाती है. विजय राज नामक पुलिसकर्मी, जो आयुष्मान से बात कर रहा है और कह रहा है, क्या तो किस्मत पाए हो यार, एक दोस्त के साथ पकड़े गए, दूसरा दोस्त छुड़ाने चली आई और ये तीसरी, दोस्त ही है ना? टीजर में इसे पतियों का यूनिवर्स कहा गया है, और इसमें आयुष्मान को सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए दिखाया गया है. टीजर में उन्हें अफरा-तफरी के बीच रास्ता निकालते हुए भी दिखाया गया है, और आखिर में वे चारों एक साथ बंधे हुए एक खतरनाक स्थिति में फंसे हुए नजर आते हैं. 2019 की फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन को दो औरतों के प्यार के बीच फंसा हुआ देखने के बाद, इसका सीक्वल पति पत्नी और वो दो इस कहानी को एक नए लेवल पर ले जाता है.

# रवि बाबू की हिंसक थ्रिलर फिल्म रेज़र की रिलीज़ डेट से उठा पर्दा, निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बताई तारीख

तेलुगु सिनेमा के सबसे निडर और अप्रत्याशित कहानीकार, रवि बाबू, रेज़र के साथ वापसी कर रहे हैं। यह एक ज़्यादा डार्क और हिंसक थ्रिलर है, जो उनकी पिछली फ़िल्म एनुगुथोंडम घटिकाचलम से काफ़ी अलग है। सुरेश प्रोडक्शंस के बैनर तले सुरेश बाबू द्वारा प्रस्तुत और फ़्लाइंग फ़्रॉग्स द्वारा निर्मित, रेज़र की दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ की तारीख़ 8 मई, 2026, आधिकारिक तौर पर तय हो गई है।

यह तारीख रवि बाबू के पिता, स्वर्गीय चलपति राव की जयंती के साथ भी मेल खाती है, जिससे फिल्म के आने में एक भावनात्मक पहलू भी जुड़ जाता है। निर्देशक और मुख्य अभिनेता, दोनों की दोहरी भूमिका निभाते हुए, रवि बाबू इस मनोवैज्ञानिक एक्शन ड्रामा में एक कच्चा और बेचैन कर देने वाला अंदाज़ लेकर आए हैं। रेज़र के टाइटल की घोषणा के बाद से ही इसके बारे में चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है।

रिलीज़ की तारीख की हालिया झलक और नए पोस्टरों ने दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है; इनमें रवि बाबू को शहरी माहौल की कठोरता और औद्योगिक परछाइयों के बीच एक रोंगटे खड़े कर देने वाले अवतार में दिखाया गया है। एक बेहद आकर्षक पोस्टर में उन्हें एक छोटी लड़की के साथ एक अराजक सड़क पर चलते हुए दिखाया गया है, जो फिल्म की क्रूरता और तनाव के पीछे छिपे एक भावनात्मक पहलू की ओर इशारा करता है। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2026 में पूरी हो गई थी, और अब डबिंग तथा पोस्ट-प्रोडक्शन का काम भी पूरा हो चुका है; इन सब बातों को देखते हुए रेज़र इस साल तेलुगू सिनेमा की गर्मियों में रिलीज़ होने वाली सबसे साहसी फिल्मों में से एक मानी जा रही है।


रवि बाबू द्वारा लिखित और निर्देशित, रेज़र तनाव, मनोवैज्ञानिक उथल-पुथल और एक खास शैली की हिंसा से भरी एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जो निर्देशक की अपनी खास शैली वाली अप्रत्याशितता को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा देती है। फिल्म का अंतिम काम (फिनिशिंग वर्क) अभी चल रहा है, और सुरेश प्रोडक्शंस तथा फ्लाइंग फ्रॉग्स के सहयोग से बनी रेज़र 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**जी5 की नई सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का ट्रेलर जारी, 27 अप्रैल को होगा प्रीमियर**

ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का ऐलान करते हुए ट्रेलर जारी किया है। इसकी कहानी कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई की जिंदगी और उत्थान पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री के निर्देशन की कमान राघव धर ने संभाली है, जिन्हें नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री मुंबई माफिया: पुलिस वर्सेज अंडरवर्ल्ड (2023) के लिए जाना जाता है। राघव खन्ना बतौर निर्माता इसके साथ जुड़े हैं। कहानी के जरिए सत्ता और प्रभाव की गतिशीलता का विश्लेषण किया गया है।

# क्या शाम होते ही ऊर्जा का स्तर हो जाता है कम? ये हो सकते हैं कारण

आपका दिन किस तरह से बीतता है, यह आपके ऊर्जा के स्तर पर निर्भर करता है। अगर आप शाम होते ही सुस्त और थकान महसूस करने लगते हैं तो इसका मतलब है कि आपकी दिनचर्या में कुछ ऐसी आदतें शामिल हैं, जो आपके शरीर और मन को कमजोर कर रही हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताते हैं, जो शाम होते ही आपके शरीर और मन को सुस्त कर सकती हैं।



दोपहर का खाना ठीक से न खाना

दोपहर का खाना न खाना या इसे छोड़ देना आपकी ऊर्जा को कम कर सकता है। अगर आप दोपहर का खाना नहीं खाते हैं तो शाम को आपको अधिक भूख लगेगी और आप जो भी खाएंगे, उससे आपका वजन भी बढ़ सकता है। वहीं दोपहर का खाना खाने से आपको पूरे दिन ऊर्जा मिलती है और आप अधिक सक्रिय रहते हैं। इसलिए, दिनभर में एक बार जरूर भरपेट खाना खाएं।

अधिक चाय या कॉफी पीना

कई लोग दिनभर में कई बार चाय या कॉफी पीते हैं। ये पेय आपको थोड़े समय के लिए ऊर्जा दे सकते हैं, लेकिन इनका अधिक सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। चाय या कॉफी का अधिक सेवन करने से नींद में खलल पड़ सकता है और रात को नींद आने में परेशानी हो सकती है। इसके अतिरिक्त इनका अधिक सेवन शरीर के डिहाइड्रेट होने का कारण भी बन सकता है।

देर से सोने की आदत

देर से सोने की आदत भी आपके ऊर्जा स्तर को प्रभावित कर सकती है। अगर आप रोजाना देर से सोते हैं तो आपका शरीर ठीक से आराम नहीं कर पाता और अगले दिन आपको थकान महसूस होती है। इसलिए, कोशिश करें कि आप हर दिन एक ही समय पर सोएं और 7 से 8 घंटे की नींद लें, ताकि आपका शरीर ठीक से आराम कर सके और आप अगले दिन तरोताजा महसूस करें।

अधिक चिंता करना

चिंता भी आपके ऊर्जा स्तर को कम करने का एक बड़ा कारण हो सकता है। अगर आप रोजाना किसी न किसी बात को लेकर चिंता में रहते हैं तो इसका असर आपके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है और आप शाम होते ही सुस्त महसूस करने लग सकते हैं। इसलिए, चिंता को कम करने के लिए रोजाना कुछ मिनट ध्यान या योग करें और अपनी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों।

शारीरिक गतिविधियों की कमी शारीरिक गतिविधियों की कमी भी आपके ऊर्जा स्तर को प्रभावित कर सकती है। अगर आप रोजाना थोड़ी बहुत व्यायाम नहीं करते हैं तो आपका शरीर सुस्त हो सकता है और आपको शाम होते ही थकान महसूस होने लग सकती है। इसलिए, रोजाना कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम करें, जैसे कि दौड़ना, साइकिल चलाना या तैराकी आदि। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा और आप पूरे दिन ऊर्जावान रहेंगे।

# बार-बार गिर जाती हैं आपकी नकली आईलैशेस? जानिए ऐसा होने के कुछ संभावित कारण

नकली आईलैशेस का इस्तेमाल पलकों को घना और आकर्षक बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, कई बार महिलाएं इस समस्या का सामना करती हैं कि उनकी नकली आईलैशेस बार-बार गिर जाती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इस लेख में हम कुछ प्रमुख कारणों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आपकी नकली आईलैशेस बार-बार गिर सकती हैं। इन्हें जानकर आप आगे से सावधानी बरत सकेंगी और सुंदर दिख सकेंगी।



गलत गोंद का इस्तेमाल

नकली आईलैशेस लगाने के लिए सही गोंद का चयन बहुत जरूरी है। अगर आप सस्ती और घटिया गुणवत्ता की गोंद का इस्तेमाल करेंगी तो आपकी फेक आईलैशेस जल्दी गिर सकती हैं। हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाली गोंद का चयन करें, जो लंबे समय तक टिक सके। इसके अलावा गोंद को सही मात्रा में लगाना भी जरूरी है, ताकि आपकी नकली आईलैशेस अच्छी तरह से चिपकी रहें और जल्दी न गिरें। गोंद को हमेशा आईलैश पर ही लगाएं।

सही तरीके से लगाना

नकली आईलैशेस को सही तरीके से लगाने पर उनका टिकना आसान होता है। अगर आप उन्हें सही जगह पर नहीं लगाती हैं या बहुत ज्यादा गोंद लगाती हैं तो वे जल्दी गिर सकती हैं। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि नकली आईलैशेस को सही जगह पर और सही मात्रा में गोंद लगाकर लगाएं, ताकि वे अच्छी तरह से चिपकी रहें। इसके अलावा आईलैशेस को लगाने से पहले अपनी आंखों को साफ और सूखा रखें, ताकि गोंद बेहतर तरीके से चिपके।

हटाते समय ध्यान रखें

नकली आईलैशेस को हटाते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आप उन्हें जोर-जोर से खींचती हैं तो इससे आपकी असली आईलैशेस भी प्रभावित हो सकती हैं और आपकी नकली आईलैशेस भी टूट सकती हैं। इसलिए, हमेशा धीरे-धीरे और ध्यानपूर्वक फेक आईलैशेस को हटाएं। इसके अलावा आप आईलैशेस हटाने के लिए खासतौर पर बनाए गए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो उन्हें आसानी से हटाने में मदद करेंगे और आपकी असली आईलैशेस को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। मौसम का भी आपकी नकली आईलैशेस पर असर पड़ सकता है। गरमी या बारिश होने पर पसीना या नमी के कारण गोंद कमजोर हो सकती है, जिससे आपकी नकली आईलैशेस गिर सकती हैं। इसलिए, मौसम के अनुसार अपने मेकअप रूटीन में बदलाव करें और जरूरत पड़ने पर गोंद को फिर से लगाएं। इसके अलावा बारिश के दिनों में पानी से बचाव करने वाली गोंद का इस्तेमाल करें, ताकि आपकी नकली आईलैशेस लंबे समय तक टिकी रहें और गिरें नहीं।

सफाई का ख्याल रखें

आंखों की सफाई बहुत जरूरी होती है। अगर आपकी आंखें गंदी होंगी या उन पर ज्यादा नमी होगी तो नकली आईलैशेस अच्छे से चिपक नहीं पाएंगी और जल्दी गिर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -015


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। गोरखपुर एम.डी.नागोतिया ने बताया कि सम्भागीय गस्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमानताल आंगनबाड़ी केन्द्र के पास मैदान बिजली खम्बे के नीचे लाईट में कुछ जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर थाना हनुमाताल पुलिस स्टाफको हमराह लेकर आंगनबाड़ी केन्द्र के पास मैदान में दबिश दी गई जहां लाईट की रोशनी में जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये

## प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक संदीप जायसवाल ने किसानों के लिए गए ऐतिहासिक निर्णय पर जताया आभार

# भू-अर्जन के मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा किसान हित में लिया निर्णय एतेहासिक -संदीप जायसवाल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा किसानों के लिए गए ऐतिहासिक निर्णय एक सकारात्मक और किसान हितैषी निर्णय है, प्रदेश सरकार ने कृषि भूमि के भू-अर्जन के मुआवजे को लेकर एक अभूतपूर्व फैसला लिया है, जिसके तहत अब किसानों को बाजार दर का 4 गुना मुआवजा मिलेगा, मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए किसान हित के निर्णय पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं, यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक श्री संदीप जायसवाल ने कही। प्रदेश प्रवक्ता श्री संदीप जायसवाल ने कहा इस फैसले से न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि प्रदेश में विकास की रफ्तार भी तेज होगी और हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। यह सिर्फ मुआवजा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की किसानों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा हमारा प्रदेश विकसित मध्यप्रदेश की ओर निरंतर बढ़ रहा है, जिसके लिए समय-समय पर भू-अर्जन आवश्यक रहता है। पिछले तीन वर्षों में 55 हजार से अधिक किसानों को 16 हजार करोड़ मुआवजा दिया गया है, जिसे बढ़ाकर अब हर साल करीब 20 हजार करोड़ किया जाएगा। कृषि भूमि के भू-अर्जन से मिलने वाले बढ़े हुए मुआवजे से सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य विकास कार्यों को गति मिलेगी, जिससे प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। श्री जायसवाल ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य अधोसंरचना के लिए 33,985 करोड़ रुपये की स्वीकृति से प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा और किसानों को सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों का लाभ मिलेगा। श्री जायसवाल ने कहा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। यह निर्णय किसानों की समृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा, यह निर्णय किसानों के लिए स्वागत योग्य है, जो उनकी मेहनत को उचित सम्मान देता है, उनके अधिकारों की रक्षा करता है और विकास कार्यों में उनकी भूमिका को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने प्रदेश के किसानों से अपील है कि वे सरकार के इन प्रयासों को समझें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अंत में एक बार फिर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के किसानों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए धन्यवाद देते हैं।

# संस्था समिति द्वारा मेधावी छात्रों का अभिनन्दन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सफलता का वास्तविक आनंद वही समझ सकता है, जिसने कभी असफलता का स्वाद चखा हो। यदि परिणाम आशा के अनुरूप नहीं रहे हैं, तो इसे अपनी हार नहीं, बल्कि सीखने का एक अनुभव मानें। अपनी प्रतिभा पर अटूट विश्वास रखें और पूरी ईमानदारी के साथ पुन: लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं; आपकी असली परीक्षा अभी बाकी है और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता।

उपरोक्त प्रेरक विचार सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री तरुण कुमार भनोट ने माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस वर्ष के परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में और भी बेहतर रहे हैं, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति और निरंतरता को रेखांकित करते हैं। कार्यक्रम में श्री तरुण भनोट अध्यक्ष , श्री डी. आर. सेठी उपाध्यक्ष एवं प्राचार्या श्रीमति मौलश्री दुबे ने अपने छात्रों के परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया परीक्षा परिणामों की उपलब्धियों में, कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) की श्रद्धा कुशवाहा ने 94.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया। विज्ञान संकाय में अश्विनी बेन ने 89.2% और कला संकाय में धनेश्वरी सेन ने 75.4% अंकों के साथ श्रेष्ठता सिद्ध की। इसी क्रम में, कक्षा 10वीं में मुस्कान सूर्यवंशी ने 95.4% अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि कपिल मिश्रा (92.6%) द्वितीय और शालू घोषी (91.8%) तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त विद्यालय के कक्षा 12वीं के 19 और कक्षा 10वीं के 21 छात्र-छात्राओं ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।इस स्वर्णिम सफलता पर स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्रों को निरंतर मासिक छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान की जाती है, ताकि उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए और उनका अध्ययन सुचारु रूप से चलता रहे। मैनेजमेंट ने प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ को अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय देते हुए बधाई दी

### हावड़ा-हड़पसर ( पुणे ) स्पेशल एकतरफा ट्रेन का संचालन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने हेतु यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01452 हावड़ा-हड़पसर (पुणे) के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर भी रहेगा।

# नारीशक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार दिनांक 22/04/26 एवं 23/04/26 शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में नारीशक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ? शिखा सक्सेना द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर व्याख्यान दिया गया एवं द्वितीय दिवस में महिलाओं के वित्तीय साक्षरता की अनिवार्यता विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा। बताया गया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप में आर्थिक निर्णय लेने में सक्षम बनना होगा और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर होना होगा। महिला एवं पुरुष दोनों को समान अवसर, अधिकार और सम्मान मिलने से महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा एवं देश सशक्त बनेगा कार्यक्रम में डॉ सुनीता शर्मा द्वारा देश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध महिलाओं की उपलब्धियों के विषय में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रचना सांचा द्वारा किया गया ।कार्यक्रम मे डॉ मंजुला वाजपेयी, डॉ? प्रतीक्षा गौर , डॉ निमिषा कौर भामरा, डॉ सुमन प्रभाकर, डॉ मोना मरकाम की उपस्थिति रही।

### हावड़ा-सीएसएमटी स्पेशल एकतरफा ट्रेन का संचालन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर है। गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा से सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 25 अप्रैल 2026 को एक रतफा हावड़ा स्टेशन से रात्रि 23:00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना रात्रि 23:00 बजे, पहुंचकर तीसरे दिन कटनी मध्यरात्रि 00:20 बजे, जबलपुर 01:50 बजे, इटारसी 09:50 बजे पहुँचकर और चौथे दिन मंगलवार सुबह 05:00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी कोच सहित कुल 18 कोचेस होंगे। ट्रेन के हॉल्ट:- बैण्डेल जंक्शन, बर्द्धमान जंक्शन, दुर्गापुर, आसनसोल जंक्शन, धनबाद जंक्शन, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा जंक्शन, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम जंक्शन, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, सतना जंक्शन, कटनी जंक्शन, जबलपुर, इटारसी जंक्शन, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे एवं दादर सेंट्रल स्टेशनों पर रुकेगी।

# सशक्त हस्ताक्षर की 47 वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न-आनंद और शांति देता है साहित्य



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साहित्य के क्षेत्र में क्रियाशील संस्था सशक्त हस्ताक्षर की 47वीं मासिक काव्य गोष्ठी नूतन मराठी स्कूल गोल बाजार में संपन्न हुई।अतिथि वक्ताओं ने कहा कि सार्थक साहित्य पर हित के लिए समर्पित होता है। साहित्य से ही मन में आनंद और शांति का अनुभव होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेत्र विशेषज्ञ डॉ.सुरेन्द्रलाल साहू निर्विकार थे जिन्हें सम्मानित भी किया गया। अध्यक्षता महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि आचार्य विजय तिवारी,अरुण शुक्ल,विजय नेमा,संतोष नेमा, संगम त्रिपाठी रहे। इन्द्रसिंह राजपूत,विवेक गुप्ता ने कविताओं के महत्व पर प्रकाश डाला।सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि साहित्य की विविध विधाओं में किया गया ऐसा सृजन जो समाज को बोध देने बाला होता है, वही सृजन सशक्त सृजन बन जाता है।अतिथियों का स्वागत शेखर शर्मा महेश स्थापक, मंजू इंगले ने किया।

द्वितीय सोपान में आयोजित काव्य गोष्ठी में प्रेमकुमार पालीवाल,अखिलेश खरे, लखनलाल रजक,अमरसिंह वर्मा,शिवानी भगत, कालीदास ताम्रकार,विजय सिन्हा,जय प्रकाश श्रीवास्तव, अभयतिवारी, दीनदयाल तिवारी, उर्मिला श्रीवास्तव, केशरी प्रसाद पाण्डेय,संजय पाण्डेय ने काव्य रस वर्षा की। संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा, आभार प्रदर्शन मदन श्रीवास्तव ने किया ?

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मियों के मौसम में अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की समीक्षा की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में अधिकारियों के साथ बैठक में गर्मियों के दौरान चलाई जा रही विशेष ट्रेनों की प्रगति की समीक्षा की। भारतीय रेलवे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने और यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए उच्च मांग वाले मार्गों और गलियारों पर बड़े पैमाने पर विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। गर्मियों के दौरान के व्यस्ततम समय (15 अप्रैल-15 जुलाई 2026) के दौरान, रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ाने और भीड़भाड़ कम करने के लिए 18,262 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बना रहा है। अब तक 11,878 ट्रेनों की अधिसूचना जारी की जा चुकी है और शेष ट्रेनों की अधिसूचना भी यात्रियों की सुविधा के लिए जारी की जा रही है। यह बड़े पैमाने पर संचालन, बेहतर रेल व्यवस्था, अनुकूलित समय-सारणी और निरंतर निगरानी द्वारा समर्थित एक सुनियोजित नज़रिए को दर्शाता है। नई दिल्ली, मुंबई (एलटीटी, सीएसएमटी, पुणे सहित), सूरत (उधना सहित), अहमदाबाद, बेंगलुरु आदि जैसे स्टेशन क्षेत्रों में यात्रियों की आवाजाही बेहतर करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के तहत, पश्चिमी रेलवे द्वारा उधना स्टेशन पर वास्तविक समय में भीड़ प्रबंधन, बेहतर जमीनी सहायता और कुशल ट्रेन संचालन के ज़रिए किए गए सक्रिय उपाय दर्शाते हैं कि क्षेत्रीय स्तर की पहलें यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के राष्ट्रीय प्रयास में किस तरह असरदार साबित हो रही हैं। अपने गृह नगरों की यात्रा करने वाले मुसाफिरों पर खास ध्यान दिया गया है और सुगम बोर्डिंग प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए जमीनी व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। इन कोशिशों के तहत, यात्रियों को उनके गृह नगर जाने में सुविधा प्रदान करने के लिए स्टेशन पर बेहतर और सुव्यवस्थित व्यवस्था लागू की गई है। ट्रेन संख्या 19045 उधना-थावे ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में, आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सहायता की और भीड़ नियंत्रण बनाए रखने तथा यात्रा बेहतर करने के लिए गाड़ी में चढ़ने और बैठने की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से प्रबंधित किया गया। भारतीय रेलवे व्यस्त यात्रा अवधियों के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए वह सक्रिय योजना और त्वरित परिचालन को प्राथमिकता देता है। ये प्रयास गर्मी के मौसम में भीड़भाड़ के दौरान सेवा वितरण में सुधार और सुगम, सुरक्षित तथा परेशानी मुक्त यात्रा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय डॉ विक्रांत भूरिया जी के एवं मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामू टेकाम जी के नेतृत्व में इंदिरा भवन कांग्रेस कार्यालय नई दिल्ली में शहर जिला अध्यक्षों का संवाद कार्यक्रम रखा गया जिसमें राहुल गांधी जी नेता प्रतिपक्ष ने शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से संवाद कर सभी को मार्गदर्शन दिया जबलपुर से शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र संजू ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष कमलेश बरकड़े, शामिल हुए

# हाईकोर्ट के निर्णय से मध्य प्रदेश के ट्रांसपोर्टर निराश



जबलपुर। मध्य प्रदेश में आरटीओ चेक पोस्ट (बैरियर) पुन: चालू किए जाने संबंधी हाईकोर्ट के निर्णय पर ट्रक ऑपरेटरों में चिंता और असंतोष व्याप्त है। ट्रक ऑपरेटरों का कहना है कि बैरियरों पर पहले से अवैध वसूली, अनावश्यक रोक-टोक और उत्पीड़न जैसी शिकायतें रही हैं, जिससे परिवहन व्यवसाय प्रभावित होता है।

ट्रक ऑपरेटरों की ओर से मांग की गई है कि यदि चेक पोस्ट पुन: संचालित किए जाते हैं, तो माननीय न्यायालय एवं सरकार इस दिशा में भी स्पष्ट व्यवस्था करें कि बैरियरों पर अवैध वसूली करने वाले सरकारी अथवा निजी व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो। केवल चेक पोस्ट बहाल करना पर्याप्त नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी तय होना आवश्यक है। मप्र कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे, जिला अध्यक्ष देवी सिंह पटेल, अमरजीत सिंह, शिवम यादव, रघुवीर सिंह, रवि कोष्ठा, बी के तिवारी, गुरजीत सिंह,जगजीत सिंह सरन, मंजीत सिंह, आदि ने कहा कि परिवहन व्यवसाय पहले ही अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में बैरियरों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली को रोकने हेतु ठोस तंत्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि ट्रक ऑपरेटरों के हितों की रक्षा करते हुए न्यायालय और सरकार इस विषय पर समुचित दिशा-निर्देश जारी करें।

# नारी शक्ति पर आयोजित हुई प्रदर्शनी



जबलपुर। 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी सुनिश्चित करने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। ये बात रानी दुर्गावति विवि के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने नारी शक्ति वंदन आधारित तीन दिवसीय हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही।

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा 'नारी शक्ति वंदन पाखवाड़ा' के अंतर्गत कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास-नारी शक्ति वंदन आधारित हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान के द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में कौशल विकास संस्थान प्रभारी प्रो. एस.एस. संधू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में राज्य शासन के द्वारा जारी समस्त बिंदुओं पर विश्वविद्यालय द्वारा सकारात्मक प्रयास किए गए। बेटियां अब न केवल कोख में सुरक्षित हैं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता (जैसे मातृ वंदना योजना) के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल ने कहा कि हस्तकला प्रदर्शनी एक सराहनीय प्रयास है। डीसीडीसी प्रो. राकेश बाजपेयी ने कहा कि नारी ही परिवार, समाज और देश की रीढ़ है, जो प्रगति और शक्ति की प्रतीक है। आयोजन संयोजक डॉ.अजय मिश्रा कार्यक्रम की प्रतिवेदन रिपोर्ट की जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिनों तक पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में छात्र छात्राओं के अंदर हस्तशिल्प के कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में स्वनिर्मित वस्तुओं के दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

## संविदा परीक्षण सहायकों के पारिश्रमिक की विसंगतिया हुई दूर -ऊर्जा विभाग ने जारी किए दोनों आदेश



# लाइन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु अब 62 बर्ष हुई

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र की बिजली कंपनियों में कार्यरत लाईन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 बर्ष निर्धारित की गई थी उसी के अनुसार लाइन परिचारकों को सेवा निवृत्त किया जा रहा था। जिस को लेकर इन कर्मचारियों में असंतोष था। अब मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने इस विसंगति को दूर कर सभी लाइन परिचारकों की भी सेवा निवृत्त आयु सभी कार्मिकों के समान 62 बर्ष कर दी है। जिसका आदेश ऊर्जा विभाग ने जारी कर दिया है। इसी तरह संविदा सेवा में कार्यरत परीक्षण सहायकों के वेतन में विसंगति लम्बे समय से चल रही थी जिस कारण इनमें भी असंतोष था। उसे भी आज मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने आदेश जारी कर दूर कर दिया है। ऊर्जा विभाग ने दोनों आदेश मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी , पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी,पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी,मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और पावर ट्रांसमिशन कंपनी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दिया है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा जारी दोनों आदेश पत्रो से बिजली कंपनियों में कार्यरत लाइन परिचारकों और संविदा सेवा में कार्यरत परीक्षण सहायक कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि उनकी लंबे समय से चली आ रही सेवानिवृत्त आयु एवं वेतन विसंगति के कारण इन साथियों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। जिसे आज दूर कर दिया गया है।? इन आदेशों से अब लाइन परिचारक 55 बर्ष की जगह 62 बर्ष तक सभी के समान सेवा कर सेवा निवृत्त होंगे और वही संविदा सेवा में कार्यरत परीक्षण सहायकों को उनकी सेवा का पूरा वेतन वृद्धि के साथ प्राप्त होगा। बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के हित में जारी हुए दोनों आदेश के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव जी, ऊर्जा मंत्री माननीय प्रद्युम्न सिंह तोमर जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्लोई जी, ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले जी सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों जी और कार्यपालक निर्देशक, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन को मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, यू के पाठक, दिनेश दुबे,उमाशंकर दुबे,अनूप वर्मा, सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा,केदारनाथ अग्निहोत्री, अवनीश तिवारी,राजेश मिश्रा, दीपक मेमने, सुधीर मिश्रा, रंजीत सेन,मोहन श्रीवास ,योगेश पटेल, संजय सिंह, मोहित पटेल, मनोज पाठक, कार्तिक शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, जे एल जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अनुरोध किया है कि संविदा कर्मियों को भी शीघ्र नियमित, संविलयन कर दीजिए और आउट सोर्स कर्मचारियों को 50 प्रतिशत का आरक्षण देकर नियमित कर उनके भविष्य को भी सुरक्षित करें।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला चौकी गौर में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सालीवाड़ा रज्जन डेयरी के सामने चाय की दुकान पर विलियम पाल नाम का व्यक्ति देशी शराब रखे बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां एक व्यक्ति चाय की दुकान पर सफेद रंग की 2 प्लास्टिक की बोरी एवं एक खाखी कार्टून अपनी दुकान पर रखे मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकडा

# नकाबपोश बदमाशों ने इंजीनियर को सिर में मारी गोली, डाक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित किया





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** रांझी थाना क्षेत्र के शिव शक्ति चौराहे में आज गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अज्ञात बदमाशों ने एक सिविल इंजीनियर को गोली मार दी। घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब लोग अपने-अपने काम पर निकल रहे थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक क्लेरिंस उर्फ राजा (निवासी रांझी) पेशे से सिविल इंजीनियर है। वह बाइक से रांझी की ओर जा रहा था, तभी दूसरी बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक उसके पास पहुंचे। दोनों हमलावरों ने अपने चेहरे ढक रखे थे झीलें और नदियां

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने बेहद करीब से क्लेरिंस के सिर पर गोली मारी और मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसके चलते उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। डॉक्टरों की टीम उसकी जान बचाने के लिए प्रयासरत है।

पुलिस मौके पर, ष्टष्टञ्जङ्क खंगाल रही जांच टीम

सूचना मिलते ही रांझी सीएसपी सतीश साहू और थाना प्रभारी उमेश गोलहनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

हमलावर फरार, तलाश जारी

गोली मारने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

इलाके में दहशत, सुरक्षा पर उठे सवाल

दिनदहाड़े इस तरह की वारदात ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग दहशत में हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं।

## पर्स जिसमें जेवर रखे थे चुराने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर. - थाना बरगी में हरिकेश चौरसिया उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाषनगर बरली मुम्बई महाराष्ट्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टेक्सी ड्रायवर का काम करता है दिनांक 21-4-26 को अपनी कार क्रमांक एम एच 01 ई एम 7219 से अपने परिवार के साथ मुम्बई से प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश जा रहा था शाम लगभग 6-30 बजे सिद्धिविनायक हौटल के सामने एन एच 34 बरगी में परिवार के साथ चाय पीने के लिये रूका उसकी पत्नी प्रीति चौरसिया का पर्स गाड़ी में ही रखा था गाड़ी का लॉक खुला हुआ था चाय पीकर होटल से बाहर गाड़ी के पास आये पत्नी प्रीति ने बताया कि उसका पर्स गाड़ी में नही है पर्स में लगभग 5 हजार रूपये, 2 जोड़ी चांदी की छोटी पायल, 2 जोड़ी बड़ी पायल, रखी थीं कोई अज्ञात चोर गाड़ी से पर्स चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 30 अप्रैल तक प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक अवकाश, शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है।

प्रशासन ने यह निर्णय तापमान के 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुँचने और आगामी दिनों में और वृद्धि की संभावना को ध्यान में रखते हुए लिया है। गौरतलब है कि इससे पहले कलेक्टर जबलपुर द्वारा सभी कक्षाओं के लिए विद्यालय संचालन का समय प्रातः 7ः00 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक निर्धारित किया गया था। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अवकाश अवधि के दौरान विद्यालयों में शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे तथा शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य संपादित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## अतिरिक्त जिला जज के ड्राइवर पर प्राणघातक हमला, तीन बदमाशों ने मारे चाकू

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में हनुमानताल स्थित प्रेम सागर क्षेत्र में अतिरिक्त जिला जज के ड्राइवर रत्नेश बेन पर तीन बदमाशों ने उस वक्त चाकुओं से हमला कर दिया. जब वह अपने घर के बाहर खड़ा रहा. चाकू के हमले में रत्नेश के पैर व जांघ में गंभीर चोटें आई है. जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर घायल का उपचार किया गया. बताया गया है कि प्रेमसागर हनुमानताल निवासी रत्नेश बेन एडीजे कोर्ट नंबर 33 में वाहन चालक के पद पर पदस्थ है. रत्नेश बीती रात 9 बजे के लगभग अपने घर के बाहर खड़ा रहा,

## हज यात्रा पर हाजियों का जत्था रवाना



जबलपुर। हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों का जत्था आज जबलपुर से रवाना हुआ। ग़ुलाम क़ादिर (पाली वाले) अपनी पत्नी के साथ गरीबरथ एक्सप्रेस द्वारा मुंबई के लिए प्रस्थान किए, जहां से वे आगे हज यात्रा पर रवाना होंगे। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर विदाई देने पहुंचे लोगों ने हाजियों का फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनकी सुखद व सफल यात्रा के लिए दुआएं कीं। विदाई देने वालों में हाजी नसीमुद्दीन जमाली साहब , हाजी नुरुस्सलाम, सईद मंसूरी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी ग़ुलाम ग़ौस बाबू, फ़ख़रुद्दीन मंसूरी, वकील अहमद मंसूरी, अहसान अहमद मशहूद अहमद रज़वी, गुलाम रब्बानी, मसरुर अहमद रज़वी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अपनों को विदा करते समय लोगों ने गले मिलकर दुआओं के साथ उन्हें रवाना किया।

# मंगेतर ने युवती को भरोसे में लेकर बनाए शारीरिक संबंध, फिर शादी से किया इंकार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर में रिश्तों को तार-तार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां शादी तय होने के बाद एक युवक ने अपनी होने वाली पत्नी के साथ दुष्कर्म किया और बाद में कुछ पुरानी तस्वीरों का बहाना बनाकर शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

**अकेले पाकर बनाया शारीरिक संबंध**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 वर्षीय पीड़िता का विवाह अजीत नामक युवक से तय हुआ था। रिश्ता तय होने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई थी। आरोप है कि 23 मार्च की शाम जब युवती घर पर अकेली थी, तब अजीत उसके घर पहुंचा। उसने खुद को भावी पति बताते हुए युवती को भरोसे में लिया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

**शादी से 10 दिन पहले बदला रंग**

शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन विवाह से महज 10 दिन पहले आरोपित अजीत ने फोन कर युवती को झटका दे दिया। उसने शादी करने से मना कर दिया। युवक का तर्क था कि उसे युवती के किसी पूर्व परिचित शिवांशु द्वारा कुछ तस्वीरें भेजी गई हैं, जिसके कारण वह अब यह रिश्ता नहीं रख सकता। उसने युवती पर पुराने संबंधों की जानकारी छिपाने का भी आरोप लगाया।

घटना के बाद युवती के परिजनों ने आरोपित के घर जाकर उसे समझाने की काफी कोशिश की,

# लालपुर डैम में मगरमच्छ के मुंह में मिला लापता युवक का शव, पत्नी से विवाद के बाद पांच दिन से था गायब

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के खमरिया थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पांच दिन से लापता युवक का शव लालपुर डैम में संदिग्ध हालत में मिला. सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जब स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी, उस समय एक मगरमच्छ उसे खा रहा था. इस दृश्य ने इलाके में सनसनी फैला दी और मौके पर मौजूद लोगों के बीच भय का माहौल बन गया.

जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान धाना निवासी हिमांशु मोहबिया के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि करीब पांच दिन पहले उसका अपनी पत्नी से किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था. विवाद के बाद वह घर से निकल गया था और तब से उसका कोई पता नहीं चल रहा था परिजनों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन जब कहीं कोई जानकारी नहीं मिली तो खमरिया थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. घटना के दिन स्थानीय लोगों ने लालपुर डैम के पास एक संदिग्ध गतिविधि देखी. जब वे पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक मगरमच्छ पानी के किनारे पड़े एक शव को खा रहा है. यह दृश्य देखकर लोग दहशत में आ गए, लेकिन हिम्मत दिखाते हुए उन्होंने मगरमच्छ को भगाने की कोशिश की और तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को दूर भगाया गया.

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध कर एंटी वूमन एलाएंस की सच्चाई देश के सामने आई - श्रीमती संध्या राय

**नारी शक्ति अधिनियम को लेकर सांसद श्रीमती संध्या राय ने पत्रकार वार्ता को किया सम्बोधित**



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** हाल ही में लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकार से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है।

महिला विरोधी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। एंटी वूमन एलाएंस की सच्चाई देश के सामने आ चुकी है, यह बात वरिष्ठ नेत्री भिंड से सांसद श्रीमती संध्या राय ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में कही। सांसद श्रीमति संध्या राय ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों के इस महिला-विरोधी गठबंधन ने न केवल एक विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। और विडंबना देखिए-इस पर विपक्ष जश्न मनाता रहा। विपक्ष का जश्न, हर महिला का अपमान है।

उन्होंने कहा कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडि गठबंधन ने एक ऐतिहासिक अवसर को बाधित किया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोक दिया गया। यह लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को टालने का स्पष्ट उदाहरण है।

विपक्ष की मानसिकता का इतिहास गवाह है

श्रीमती राय ने कहा राहुल गांधी और उनके ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने का रहा है।

उन्होंने बताया शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक,अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकार का विरोध किया। हर महिला - हितैषी कदम पर कांग्रेस ने विरोध का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर 98 वर्षों का अहसान जताया, लेकिन संसद में उनकी आकांक्षाओं को कुचलते हुए इठलाई, मुस्कुराई, मेज थपथपाई और जश्न मनाया। श्रीमती राय ने कहा कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 33 प्रतिशत आरक्षण मांग रही महिलाओं को वंचित रखने पर उत्सव मनाया। यह हर उस महिला का अपमान है, जो वर्षों से अपने अधिकार का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा भारत के संविधान के अनुसार, लोकसभा और विधानसभाओं का पुनर्गठन जनगणना के बाद परिसीमन आयोग द्वारा किया जाता है।

श्रीमती राय ने कहा 2001 की जनगणना के बाद श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में यह निर्णय लिया गया कि 2026 के बाद पहली जनगणना तक परिसीमन स्थगित रहेगा, ताकि दक्षिणी राज्यों को संभावित नुकसान से बचाया जा सके। इसके बावजूद विपक्ष भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।

**विपक्ष पर गंभीर आरोप**

सांसद श्रीमती राय ने कहा कांग्रेस को देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं, संसद और महिलाओं किसी पर भी विश्वास नहीं है। प्रियंका गांधी वाड्र द्वारा महिलाओं के लिए इस्तेमाल जैसी भाषा का उपयोग करना भारत की सांस्कृतिक भावना के विरुद्ध है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल ,जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 2583/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

**आवेदक- मोहम्मद जमीर, पिता स्व. श्री मो. जहीर,** निवासी सरफाबाद आनंद नगर, अमन चौक जबलपुर म.प्र. के द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र क्रं./ दानपत्र/ क्रंमाक/ वसीयत क्रं./ फौत दिनांक .......... दिनांक......के माध्यम से मौजा/ नजूल ब्लाक बैतला प.ह.नं. ...... स्थित भूमि खसरा नं./ प्लाट नं./ 126/1, रकवा 1220 वर्गफुट पर विक्रेता / वसीयतकर्ता/ दानकर्ता **मुश्ताक अहमद अंसारी, पिता- अब्दुल समद अंसारी,** से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने **पंजीकृत विक्रयपत्र/ दानपत्र**/ एवं फार्म पी-|| खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान खसरे में भूमि स्वामी के रूप में का नाम दर्ज है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति **पेशी दिनांक 06/05/2026** तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/04/26 इश्तहार किया गया।**

**जारी दिनांकः- 22/04/26**

**पेशी दिनांकः- 06/05/2026**

मुद्रा

**नायब तहसीलदार**

**तहसील अधारताल, जबलपुर**

# मारपीट कर चेन एवं मोबाईल छीनने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना घमापुर में दिनांक 22-4-26 को पीयुष सिंह राजपूत उम्र 20 वर्ष निवासी गुरूद्वारे के पीछे रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सागर ज्वेलरी में काम करता है दिनांक 22-4-26 को लगभग 10-05 बजे रसल चौक से बिरयानी लेकर रांझी की तरफ अपनी गाड़ी एक्टिवा से लौट रहा था तभी व्हाइट कलर की एक्टिवा में 2 लड़के जिनमे से एक पीले रंग की टीशर्ट पहना था उसे पाटबाबा रोड़ में जीसीएफ गार्ड चौकी के पहले उसके पास अपनी एक्टिवा अड़ाकर उसे रोके और उससे मोबाइल एवं सोने की चैन की मांग कर मारपीट करने लगे, एक लड़के ने उसका दाहिना हाथ मरोड़ दिया एवं पीली टीशर्ट पहने लड़के ने उसके मुह में मुक्का मार दिया उक्त लड़के ने उसके गले से सोने की चैन वजनी 2.5 ग्राम की एवं रियलमी कम्पनी का 12 प्रो प्लस 5 जी मोबाइल लूट कर भाग गये।

उसे सिर एवं नाक के पास चोट आई है। रिपोर्ट पर धारा 309(9) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**उपेक्षापूर्ण तरीके से टैंकर में लोड पैट्रोल चोरी करते टैंकर चालक गिरफ्तार**

**जबलपुर-** थाना शहपुरा में दिनांक 22-4-26 को मुखबिर से सूचना मिली कि इंडियन आईल डिपो शहपुरा के सामने रोड किनारे टेंकर में एक व्यक्ति डीजल पेट्रोल निकाल रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई इंडियन आईल डिपो शहपुरा के सामने मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति टेंकर क्रमांक एमपी 20 एक्स ए 8174 से सटक लगाकर प्लास्टिक की बाल्टी में पेट्रोल निकाल रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम राम सुशील यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कोल्हाई थाना गुढ़ जिला रीवा बताते हुये स्वयं को टेंकर ड्रायवर बताया जिसने पूछताछ पर टेंकर क्रमांक एमपी 20 एक्स ए 8174 को चलाना बताया जिससे इंडियन आईल डिपो शहपुरा में टेंकर में पेट्रोल डीजल लोड कर उनके बताये स्थान पर खाली किया करता है दिनांक 22-4-26 को टेंकर में इंडियन आईल डिपो से पेट्रोल लोड करने के बाद डिपो से बाहर गाड़ी निकालकर रोड किनारे टेंकर खड़ा कर टेंकर में लोड पेट्रोल बेचने की नियत से निकाल रहा था

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/11 दिनांक 23.04.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जग विजय सिंह, पिता श्री जगदेव सिंह,** ने मकान नं. 605 का भाग, **वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड,** भूतल 1540.5 व.फु., भूतल 367.5+1173 व.फु., प्रथमतल 1173 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/10 दिनांक 23.04.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जग विजय सिंह, पिता श्री जगदेव सिंह,** ने मकान नं. 605 का भाग, **वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड,** भूतल 180 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2026/27/एम/20 दिनांक 23.04.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **मो. जकारिया, पिता- स्व. श्री नुरूल्हुदा** ने मकान नं. जी.एन.- 65 गाजी नगर गोहलपुर पिन. नं. 1000409138 **वार्ड पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड,** क्षेत्रफल 400 व.फु., भूतल 300 व.फु., **शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/21/ 2026-27 दिनांक 23.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री मनोज कुमार साहू, पिता- मथुरा प्रसाद साहू** ने भवन क्रं. 2262/161 ए पिन क्र. 1000404273 **वार्ड क्र. 64, वार्ड महर्षि सुदर्शन वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती रागनी राउत, पति- संजय राउत, भूतल 400 व.फु., **नोटराइज विक्रयपत्र, आधार कार्ड ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ **शास. नजूल भूमि/ भवन** में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम/12/ 2026-27 दिनांक 21.04.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री शुभम साहू, पिता- सुखदयाल साहू** ने भवन क्रं. 4406/144/19 पिन क्र. 1000406652 **वार्ड क्र. 64, वार्ड महर्षि सुदर्शन वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती भागवती बाई, पति- स्व. श्री महेश प्रसाद सोधिया, भूतल 540 व.फु., **विक्रयपत्र, आधार कार्ड ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096